बुधवार, 28 जनवरी 2026

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 17 – 28 |
| आर्द्रता | 72% |
| सूर्योदय: 06:17 | सूर्यास्त: 17:22 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष दशमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जो हम जानते हैं; वह एक बूंद है, जो हम नहीं जानते–वह एक महासागर है।



संतुलन और शांति बनाए रखने में मददगार साबित हो रहे हैं भारत-यूरोपीय संघ के संबंध: मुर्मू पृष्ठ 7




# भारत-यूरोपीय संघ ने किया 'सबसे बड़ा समझौता'

## वैश्विक व्यवस्था को मिलेगी मजबूती,18 साल बाद ट्रेड डील

- इटली, फ्रांस समेत 27 देशों से डील
- भारत–ईयू एफटीए साझा समृद्धि का खाका, दुनिया में लाएगा स्थिरता : प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** भारत और यूरोपीय संघ ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए जिसे 'अबतक का सबसे बड़ा समझौता' बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व ने व्यापार एवं रक्षा क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने और नियम–आधारित विश्व व्यवस्था की दिशा में काम करने के लिए एक व्यापक एजेंडा पेश किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यूरोपीय संघ के नेताओं उर्सुला वॉन डेर लेयेन और एंटोनियो कोस्टा की मेजबानी की। इसके बाद दोनों पक्षों ने सुरक्षा व रक्षा सहयोग और यूरोप में भारतीय प्रतिभाओं की आव–ाजाही से जुड़े दो महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए। नियम–आधारित वैश्विक व्यवस्था के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप, भारत और 27 देशों के समूह ने अगले पांच वर्षों के लिए एक संयुक्त व्यापक रणनीतिक एजेंडा पेश किया। मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए वार्ता के समापन सहित कुल 13 समझौतों को अंतिम रूप दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था 'भारी उथल–पुथल' का सामना कर रही है और ऐसे में भारत और यूरोपीय संघ के बीच साझेदारी अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में स्थिरता को मजबूत करेगी। उन्होंने कहा, '' आज भारत ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा मुक्त व्यापार समझौता संपन्न किया है।'' मोदी ने बयान में कहा, '' इससे हमारे किसानों तथा लघु उद्योगों को यूरोपीय बाजार तक पहुंच सुगम होगी और विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्रों में नए अवसर उत्पन्न होंगे।'' उन्होंने कहा, '' यह मुक्त व्यापार समझौता भारत और यूरोपीय संघ के बीच निवेश को बढ़ावा देगा, नए नवाचार साझेदारियों का निर्माण करेगा और वैश्विक स्तर पर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा। इसका मतलब यह है कि यह सिर्फ एक व्यापार समझौता नहीं है। यह साझा समृद्धि के लिए एक नया खाका है।'' व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू होने के बाद से 18 साल लग गए। समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर होने में कम से कम छह महीने लग सकते हैं क्योंकि दोनों पक्षों द्वारा इसकी कानूनी जांच–पड़ताल आवश्यक होगी। यूरोपीय संघ और भारत ने मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत पहली बार 2007 में शुरू की थी, लेकिन कुछ मुद्दों के कारण 2013 में बातचीत स्थगित कर दी गई थी। जून 2022 में फिर से बातचीत शुरू की गई। व्यापार समझौते की सराहना करते हुए यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष वॉन डेर लेयेन ने कहा कि भारत–यूरोपीय संघ की साझेदारी यह सशक्त संदेश देगी कि वैश्विक चुनौतियों का सबसे अच्छा समाधान सहयोग है। ये टिप्पणियां यूरोप और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच आई हैं। उन्होंने कहा, '' हमने कर दिखाया। हमने अब तक का सबसे बड़ा समझौता कर दिखाया। हम दो अरब लोगों का बाजार बना रहे हैं।'' लेयेन ने कहा, '' यह दो दिग्गजों की कहानी है...। दुनिया की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की। दो दिग्गज जिन्होंने वास्तव में पारस्परिक लाभ के दृष्टिकोण से साझेदारी को चुना। एक सशक्त संदेश कि वैश्विक चुनौतियों का सबसे अच्छा समाधान सहयोग ही है।''

### भारत में क्या होगा सस्ता?

**1.मर्सिडीज,बीएमडब्ल्यू और पॉर्श जैसी लग्जरी कारों की कीमतों में आएगी कमी**

**2.15000 यूरो (16.3 लाख रुपये) से अधिक मूल्य वाली की कारों पर लगेगा सिर्फ 40 प्रतिशत टैरिफ**

**3.विमान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, केमिकल्स, आधुनिक चिकित्सा उपकरण और मेटल स्क्रैप भी हो सकते हैं सस्ते**

**4.भारतीय बाजार में घट सकती हैं यूरोप से आने वाली शराब की कीमतें**

**5.आईटी, इंजीनियर, टेलीकॉम और बिजनेस जैसे सर्विस सेक्टर में भारतीयों को मिलेंगे मौके**

### भारत का ऊर्जा क्षेत्र 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर देता है: प्रधानमंत्री मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैश्विक निवेशकों को भारत के बढ़ते ऊर्जा क्षेत्र का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया और कहा कि यह क्षेत्र 500 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर प्रदान करता है। मोदी ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि देश जल्द ही दुनिया का सबसे बड़ा 'शोधन' केंद्र बन जाएगा। 'भारत ऊर्जा सप्ताह' (आईईडब्ल्यू) 2026 को संबोधित करते हुए उन्होंने निवेशकों से शोधन (रिफाइनिंग), एलएनजी 'वैल्यू चेन' अवसंरचना, सिटी गैस वितरण तथा तेल एवं गैस अन्वेषण जैसे क्षेत्रों में निवेश करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश का लक्ष्य 2030 तक तेल एवं गैस क्षेत्र में 100 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश करना है। तेल शोधन क्षमता को 26 करोड़ टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 30 करोड़ टन प्रति वर्ष किया जाएगा।

### 'मदर ऑफ ऑल द डील्स' संपन्न : यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने मंगलवार को कहा कि भारत और यूरोप के बीच ''मदर ऑफ ऑल द डील्स'' माना जाने वाला समझौता हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय संघ के शीर्ष नेतृत्व ने भू–राजनीतिक उथल–पुथल एवं व्यापार संबंधी बाधाओं से संयुक्त रूप से निपटने के लिए दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने हेतु वार्ता की। प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन में वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा की मेजबानी की।

# ममता ने बंगाल चुनावों से पहले अशांति फैलाने के प्रयासों के खिलाफ दी चेतावनी



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को चेतावनी दी कि आगामी चुनावों से पहले राज्य में अशांति फैलाने के प्रयास किए जा रहे हैं और उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और उकसावे में न आने का आग्रह किया। किसी का नाम लिए बिना ममता ने दावा किया कि कुछ ताकतें चुनावी लाभ के लिए राज्य में अशांति फैलाने की कोशिश कर रही हैं। इस दिन, दक्षिण कोलकाता के सिरिटी में पुनर्निर्मित शवदाह गृह का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन करने और शहर के दक्षिणी भाग में ही वाटगंज के दोई घाट में एक नए शवदाह गृह की आधारशिला रखने के बाद वह राज्य सचिवालय में एक बैठक को संबोधित कर रही थीं। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग चुनावी लाभ के लिए दंगे भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हमें 365 दिन एक साथ रहना है। यह बंगाल सबका है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि अगर किसी खास समुदाय के साथ कोई अप्रिय घटना होती है, तो सड़कें और रेल की पटरियां अवरुद्ध हो जाती हैं और वह नहीं चाहतीं कि ऐसी स्थिति उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि सभी लोग सद्भाव से एक साथ रहें। ममता ने अन्य राज्यों में राज्य के प्रवासी श्रमिकों के कथित उत्पीड़न पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों के लगभग 1.5 करोड़ लोग बंगाल में काम करते हैं, लेकिन यहां कोई उन्हें परेशान नहीं करता। लेकिन जब हमारे मजदूर राज्य से बाहर काम करने जाते हैं, तो उन्हें गंभीर अत्याचारों का सामना करना पड़ता है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए ममता ने प्रवासी श्रमिकों से राज्य लौटने का आग्रह किया और उन्हें आश्वासन दिया कि राज्य में रोजगार के अवसर सृजित किए जाएंगे।

### आज सिंगूर में सभा के बाद दिल्ली जा सकती हैं मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बीच अगले सप्ताह नयी दिल्ली जाने वाली हैं। कार्यक्रम में बदलाव ऐसे में समय हुआ है जब ममता राष्ट्रीय राजधानी का दौरा करने वाली हैं। हालांकि, उनकी यात्रा का कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री संसद सत्र के दौरान दिल्ली यात्रा कर सकती हैं, जिससे उन्हें अन्य विपक्षी दलों के नेताओं से बातचीत का अवसर भी मिलेगा। पार्टी नेताओं ने कहा कि यात्रा का समय चाहे जो भी हो, उनका मुख्य उद्देश्य राज्य में एसआईआर के खिलाफ जारी लड़ाई को राष्ट्रीय स्तर पर ले जाना है।

## सीतारमण ने पारंपरिक हलवा समारोह में भाग लिया, बजट की तैयारी अंतिम चरण में

### लगातार नौवां बजट पेश कर इतिहास रचेंगी निर्मला सीतारमण



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को पारंपरिक हलवा समारोह में भाग लिया। यह एक फरवरी को लोकसभा में पेश किए जाने वाले आम बजट 2026–27 की तैयारी के अंतिम चरण का प्रतीक है। यह समारोह रायसीना हिल्स स्थित नॉर्थ ब्लॉक में आयोजित किया गया, जो वित्त मंत्रालय का पुराना पता है। गौरतलब है कि कर्तव्य भवन–1 स्थित नए परिसर में छापाखाना नहीं है। वित्त मंत्री और उनकी टीम के अधिकतर सदस्य सितंबर 2025 में प्रतिष्ठित और भव्य नॉर्थ ब्लॉक से कर्तव्य भवन स्थित आधुनिक केंद्रीय सचिवालय कार्यालय में स्थानांतरित हो गए थे। यह बजट से पहले होने वाला सालाना समारोह है, जिसमें पारंपरिक 'हलवा' तैयार किया जाता है और वित्त मंत्रालय के उन अधिकारियों और कर्मचारियों को परोसा जाता है जो बजट तैयार करने के काम में शामिल होते हैं।

## रुपया 22 पैसे की बढ़त के साथ 91.68 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरते हुए मंगलवार को 22 पैसे की बढ़त के साथ 91.68 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर सूचकांक में गिरावट और भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) वार्ता के संपन्न होने से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि माह के अंत में आयातकों की डॉलर मांग से रुपये की तेजी पर अंकुश लगा। उन्होंने कहा कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से घरेलू बाजार की धारणा मजबूत हुई। हालांकि जिंस और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया।

## यूजीसी के नियमों में जाति आधारित भेदभाव की परिभाषा को उच्चतम न्यायालय में चुनौती



**नयी दिल्ली :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के हाल में जारी नियमों को चुनौती देने के लिए उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है जिसमें आरोप लगाया गया है कि इसमें जाति आधारित भेदभाव की गैर–समावेशी परिभाषा अपनाई गई है और संस्थागत सुरक्षा से कुछ श्रेणियों को बाहर कर दिया गया है। याचिका में कहा गया है कि यूजीसी के हाल में अधिसूचित 'उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने संबंधी विनियम, 2026' का नियम 3 (सी) ''गैर–समावेशी'' है और जो छात्र एवं शिक्षक आरक्षित श्रेणियों के नहीं हैं, उन्हें सुरक्षा प्रदान नहीं करता है। विनीत जिंदल द्वारा दाखिल याचिका में इन विनियमों की इन आधार पर आलोचना की गई है कि जाति आधारित भेदभाव को सख्ती से अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के सदस्यों के खिलाफ भेदभाव के रूप में परिभाषित किया गया है। इसमें कहा गया कि 'जाति–आधारित भेदभाव' का दायरा सिर्फ़ एससी, एसटी और ओबीसी श्रेणियों तक सीमित करके, यूजीसी ने 'सामान्य' या गैर–आरक्षित श्रेणी के लोगों को संस्थागत सुरक्षा और उनकी शिकायत निवारण से असल में इनकार किया है, जिन्हें अपनी जाति की पहचान के आधार पर उत्पीड़न या भेदभाव का भी सामना करना पड़ सकता है।

## आनंदपुर में गोदाम में लगी भीषण आग, अब तक 8 की मौत

### हादसे के 32 घंटे बाद घटनास्थल पर पहुंचे अग्निशमन मंत्री

**फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से एकत्र किया नमूना**

**आग में खाक हुए गोदाम के फरार मालिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज**



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले में दो गोदामों में लगी भीषण आग 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पूरी तरह बुझाई नहीं जा सकी है। इस घटना में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गयी है। अधिकारियों ने बताया कि कोलकाता के बाहरी इलाके नजीराबाद में स्थित दो कारखानों में कई श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। घटनास्थल पर तैनात दमकल कर्मी सोमवार के तड़के करीब तीन बजे लगी आग को बुझाने की कोशिश कर रहे हैं। एक अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने के लिए 12 दमकल गाड़ियां भेजी गईं और लगभग सात घंटे बाद आग पर काफी हद तक काबू पा लिया गया, हालांकि जले हुए कई हिस्सों में आग की कुछ चिंगारियां अब भी सुलग रही हैं। उन्होंने बताया कि सोमवार की रात से कई जले हुए शव और कंकाल के अवशेष बरामद किए गए हैं। हालांकि, अब भी कुछ हिस्सों में आग सुलग रही है, जिससे मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है।

**गोदामों में बुनियादी सुरक्षा व्यवस्था का अभाव : सुजीत बोस**

अग्निशमन सेवा मंत्री सुजीत बोस ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण 24 परगना जिले में दो गोदामों में आग लगने की घटना की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वहां बुनियादी सुरक्षा व्यवस्था का अभाव था। इस घटना में आठ लोगों की मौत हो गयी है। बोस ने सोमवार तड़के दो गोदामों में लगी आग के स्थल का निरीक्षण किया और कहा कि इस घटना के संबंध में पुलिस में मामला दर्ज किया जाएगा और गहन जांच की जाएगी।

### आज से संसद के बजट सत्र की शुरुआत

# सर्वदलीय बैठक : मनरेगा, विदेश नीति और कई अन्य मुद्दे उठाएगा विपक्ष



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों ने मंगलवार को कहा कि बुधवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में मनरेगा, मोदी सरकार की विदेश नीति, अमेरिकी शुल्क, डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत में गिरावट, वायु प्रदूषण और जनहित के कई अन्य विषयों को उठाया जाएगा। सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में बजट सत्र को लेकर चर्चा की गई, हालांकि कांग्रेस ने इसे लेकर विरोध दर्ज कराया कि सरकार ने कोई विधायी एजेंडा सामने नहीं रखा है। सरकार का कहना है कि एजेंडा बाद में दिया जाएगा, क्योंकि सत्र का पहला भाग राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए जाने वाले धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा और केंद्रीय बजट पर चर्चा पर केंद्रित होगा। राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता प्रमोद तिवारी ने यह आरोप भी लगाया कि सरकार संविधान से मिले अधिकारों को खत्म कर रही है और संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है। उन्होंने कहा, ''विपक्ष विदेश नीति का विषय भी उठाएगा। हमारी विदेश नीति कहां पहुंच गई? कोई हमारे साथ खड़ा नहीं है। हमें यह भी नहीं पता चल रहा कि किसके साथ चलें, कौन हमारे साथ चलेगा।'' उनका कहना था कि सरकार की आर्थिक नीति की बात करें तो रुपया सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया है। तिवारी ने कहा, ''अमेरिका की ओर से लगातार टैरिफ जारी है और रूसी तेल (की खरीद) का मुद्दा भी है। दिल्ली और दूसरी जगहों पर हमने वायु प्रदूषण का जो सबसे भयानक रूप देखा है, उसे देखते हुए हम यह मुद्दा भी उठाएंगे... हम इंदौर में दूषित पानी से होने वाली मौतों का मुद्दा भी उठाएंगे।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि मनरेगा का मुद्दा भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस योजना की जगह नया कानून लाकर न केवल इसके नाम से महात्मा गांधी का नाम हटाया गया है, बल्कि ''ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार खत्म किया जा रहा है।'' उन्होंने यह भी कहा कि इसके अलावा जम्मू–कश्मीर के पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली, 'वोट चोरी' और बेरोजगारी के मुद्दों को भी इस सत्र के दौरान उठाया जाएगा।



## रोजगार सृजन से संभव विकसित भारत का संकल्प

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की हालिया रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है, जिसमें गत दिसंबर में बेरोजगारी दर बढ़कर 4.8 फीसदी होने की बात कही गई है। भारत दुनिया में युवाओं के देश के रूप में जाना जाता है। लेकिन हम इस युवा शक्ति का भरपूर उपयोग राष्ट्र विकास में नहीं कर पा रहे हैं। चिंता की बात यह भी है कि देश के शहरी क्षेत्र में पंद्रह वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं में बेरोजगारी की दर गांवों के मुकाबले ज्यादा है। जहां शहरों में यह प्रतिशत बढ़कर 6.7 फीसदी हुआ है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में यह 3.9 फीसदी स्थिर है। हाल ही के वर्षों में बेरोजगारी देश में बड़ा मुद्दा रहा है, जो भारत जैसे विकासशील देश के हित में नहीं है। किसी भी अर्थव्यवस्था में विकास दर तभी सार्थक होगी, जब रोजगार के नये मौके उपलब्ध हो रहे हों। नीति-नियंताओं को आत्ममंथन करना होगा कि दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था में रोजगार के नये अवसर क्यों नहीं बन रहे हैं। सरकारें सुनिश्चित करें कि युवाओं को देश की तरक्की में योगदान देने का अवसर मिले। यदि बेरोजगारी की दर बढ़ रही है तो इसके मायने हैं कि संगठित और असंगठित क्षेत्र में नौकरी के मौके बढ़ नहीं रहे हैं। कहा जा रहा है कि औद्योगिक क्षेत्रों में एआई और डिजिटलीकरण के चलते भी नौकरियां घटी हैं। तो क्या हम इस चुनौती के लिये अपने युवाओं को तैयार कर रहे हैं?

निश्चित रूप से देश के नीति-नियंताओं को मंथन करना चाहिए कि 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्किल इंडिया' जैसे अभियानों के जमीनी परिणाम उत्साहवर्धक क्यों नहीं हैं? युवाओं की कौशल विकास कार्यक्रमों में भागीदारी के बावजूद रोजगार के मौके क्यों नहीं बढ़ रहे हैं? क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था समय के साथ कदमताल नहीं कर पा रही है? विडंबना यह भी है कि बढ़ती आबादी के बावजूद सरकारी क्षेत्र की नौकरियां कम हो रही हैं। युवाओं की शिकायत होती है कि सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया में तमाम तरह की विसंगतियां व्याप्त हैं। वे परीक्षा प्रणाली पर भी सवाल उठाते रहे हैं। निस्संदेह, बढ़ती बेरोजगारी हमारे विकास के मापदंडों पर भी सवाल खड़ी करती है। निश्चित रूप से संतुलित आर्थिक विकास की सार्थकता के लिए जरूरी है कि देश में प्रति व्यक्ति आय बढ़े तथा आर्थिक असमानता भी दूर हो। तेज विकास दर के साथ लोगों के जीवन में खुशहाली भी आनी चाहिए। रोजगार के अवसर बढ़ने से ही समाज में खुशहाली आ सकती है। जब देश में रोजगार के मौके बढ़ेंगे तो समाज में वास्तविक समृद्धि आ सकती है। रोजगार के अवसर बढ़ने से उत्पादकता बढ़ेगी और महंगाई पर नियंत्रण पाने में भी मदद मिलेगी। निस्संदेह, बढ़ती क्रय शक्ति भी अर्थव्यवस्था को गति देती है। निर्विवाद रूप से बेरोजगारी कम किए बिना हम देश के सौ साल पूरे होने तक विकसित भारत का लक्ष्य मुश्किल से हासिल कर पाएंगे। हमें एआई व डिजिटल चुनौती के मुकाबले के लिए युवाओं का कौशल विकास तेज करना चाहिए।

## नीट अभ्यर्थी मौत मामला : पिता ने न्याय न मिलने पर आत्मदाह की दी धमकी



**जहानाबाद/पटना:** बिहार की राजधानी पटना के एक अस्पताल में कई दिनों तक कोमा में रहने के बाद दम तोड़ने वाली नीट अभ्यर्थी के पिता ने पुलिस जांच से असंतोष जताते हुए मामले की न्यायिक जांच की मांग की और कहा है कि यदि परिवार को न्याय नहीं मिला तो वह आत्मदाह करेंगे। मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने छात्रा (18) के कुछ परिजनों समेत कई लोगों के डीएनए नमूने एकत्र कर उन्हें मिलान के लिए फॉरेंसिक प्रयोगशाला भेजा है। जहानाबाद की रहने वाली छात्रा राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रही थी और इस महीने की शुरुआत में पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित छात्रावास के अपने कमरे में बेहोशी की हालत में मिली थी। कई दिनों तक कोमा में रहने के बाद उसकी 11 जनवरी को एक निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। मृतका के परिवार ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा था कि अधिकारी मामले को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। जहानाबाद में पत्रकारों से बातचीत में छात्रा के पिता ने कहा, '' हमें बिहार पुलिस पर भरोसा नहीं है। हम एसआईटी की जांच से संतुष्ट नहीं हैं। इसके अधिकारी हमें परेशान कर रहे हैं। मैं इस घटना की न्यायिक जांच चाहता हूं और टीम की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के किसी वर्तमान न्यायाधीश को करनी चाहिए।'

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 जनवरी, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, माघ शुक्लपक्ष दशमी, 16:34 तक, नक्षत्र : कृत्तिका, 09:25 तक, योग : ब्रह्मा, 23:45 तक, सूर्योदय: 06:18, सूर्यास्त: 17:21, चन्द्रोदय : 12:32, चन्द्रास्त: 01:36, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : वृषभ, राहू काल : 11:49 से 13:11

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के जातकों को बुधवार के दिन थोड़ा सतर्क रहना होगा। आपकी राशि का स्वामी मंगल, मकर राशि का होकर दशम राज्य प्रमुख कर्म केंद्र भाव में है।

**वृष :** आपकी राशि का स्वामी शुक्र नवम भाव में संचार कर रहा है। शुक्र सम्पूर्ण शुभ दृष्टि से प्रथम लग्न केंद्र भाव को देख रहा है। राज्य मान प्रतिष्ठा तथा उत्तम प्रकार की धन संपत्ति दायक है।

**मिथुन :** आपकी राशि का स्वामी बुध अष्टम प्रमुख शत्रु भाव में विराजमान मकर राशि में है। ऐसे में आपका दिन अधिक भागदौड़ और विशेष चिन्ता में व्यतीत होगा।

**कर्क :** कर्क राशि चन्द्रमा की राशि है। आज राशि से एकादश का चन्द्रमा उत्तम संपत्ति की प्राप्ति की ओर संकेत कर रहा है, जिसमें कुछ खर्च भी संभव है।

**सिंह :** राशि का स्वामी सूर्य मकर राशि का होकर अपने जन्म स्थान षष्ठम भाव में भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। सुमधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

**कन्या :** आज आपके पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आ सकते हैं। ऐसे में आपको सभी का सम्मान करना होगा। यही लोग आगे चलकर आपके काम आएंगे।

**तुला :** आपकी राशि का स्वामी शुक्र राशि से चतुर्थ भाव में शुभ व्यय व मन संतोष कारक है। आज का दिन आनंद में बीतेगा। वृष का चन्द्रमा सौन्दर्य में वृद्धि करेगा।

**वृश्चिक :** राशि का स्वामी मंगल मकर राशि तृतीय भाव में चन्द्रमा अष्टम घर में विजय विभूति कारक है। आज का दिन कामकाज को सुधारने में विशेष योगदान दे रहा है।

**धनु :** आपकी राशि का स्वामी देवगुरू बृहस्पति पिछले कई दिनों से मिथुन राशि में चल रहा है, चन्द्रमा भी आज षष्ठम भाव में अकस्मात् बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कोष वृद्धि कर सकता है।

**मकर :** आपकी राशि का स्वामी शनि राशि से तृतीय घर में और चन्द्रमा पंचम भाव में कुछ अधिक व्यस्तता का संकेत दे रहे हैं। व्यापार की तरफ ध्यान देना आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए।

**कुम्भ :** आज आपकी राशि से पंचम में गुरु व राहु का योग और उच्च राशि में चन्द्रमा भाग्य वृद्धि करेगा। धन कर्म कीर्ति की वृद्धि होगी। विजय विभूति सफलता की प्राप्ति हर्ष मंगलमय परिवर्तन होंगे।

**मीन :** आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति अपनी मिथुन का होकर चतुर्थ पराक्रम देशाटन राज्य भाव में चल रहा है। घरेलू स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है।

# यूजीसी नियमों के खिलाफ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में विरोध-प्रदर्शन




**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के अलीगढ़, संभल, कुशीनगर और अन्य जिलों में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हुए, जिसमें छात्र समूहों और संगठनों ने उच्च शिक्षण संस्थानों में जाति आधारित भेदभाव का आरोप लगाया। अलीगढ़ में, छात्र प्रदर्शनकारियों ने जिला कलेक्ट्रेट में हाथरस के भारतीय जनता पार्टी सांसद अनूप प्रधान के काफिले को रोक दिया और नए यूजीसी नियमों को तुरंत वापस लेने की मांग की। इस विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व राष्ट्रवादी छात्र संगठन के सदस्यों ने किया और इसे क्षत्रिय महासभा, अलीगढ़ के नेताओं का समर्थन मिला। प्रदर्शनकारियों ने यूजीसी का पुतला भी जलाया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए। साथ ही चेतावनी दी कि अगर केंद्र सरकार ने नियमों को रद्द करने की उनकी मांग नहीं मानी तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। बाद में, प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें नियमों को तुरंत वापस लेने की मांग की गई। सोमवार को, प्रदर्शनकारियों के इसी समूह ने अलीगढ़ प्रदर्शनी मैदान में 'हिंदू विराट सम्मेलन' द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बाधा डाली, जहां उपदेशक साध्वी प्राची मुख्य अतिथि थीं। वहीं, संभल के चंदौसी में 'ब्राह्मण शक्ति संघ' के सदस्यों ने फव्वारा चौक पर विरोध प्रदर्शन किया और 'काला कानून वापस लो' जैसे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। संगठन ने नियमों में संशोधन या उन्हें पूरी तरह से वापस लेने की मांग की, साथ ही राज्यव्यापी आंदोलन की चेतावनी दी। कुशीनगर में, 'अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण संगठन' के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया, जिसमें आरोप लगाया गया कि यूजीसी के नियम शिक्षा में योग्यता और समानता को कमजोर करते हैं। अधिकारियों ने कहा कि विरोध प्रदर्शन काफी हद तक शांतिपूर्ण रहे।

## 'समृद्धि यात्रा' के दौरान नीतीश कुमार ने मधुबनी में 391 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत की



**मधुबनी (बिहार):** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को अपनी 'समृद्धि यात्रा' के दौरान मधुबनी जिले में लगभग 391 करोड़ रुपए की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की शुरुआत व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने जिले में जारी योजनाओं और विकास कार्यों की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ''मुख्यमंत्री ने 298 करोड़ रुपए की लागत वाली 101 परियोजनाओं/योजनाओं का शिलान्यास किया और 93 करोड़ रुपये की लागत वाली 294 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने झंझारपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत अररिया संग्राम में स्थित मिथिला हाट फेज-2 (रिवरफ्रंट डेवलपमेंट) का भी निरीक्षण किया।'' बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने मधुबनी में निर्माणाधीन अंतरराज्यीय बस टर्मिनल, जयनगर शहीद चौक के पास रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण तथा मधुबनी शहर के लिए प्रस्तावित रिंग रोड परियोजना को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा की। मुख्यमंत्री ने लौकही प्रखंड के बंगामा गांव के पास लगभग 450 एकड़ भूमि को औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने के प्रस्ताव से जुड़ी परियोजना पर भी चर्चा की।

## इस्तीफा देने वाले बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट में धरना दिया

**बरेली/लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने बरेली के नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री को अनुशासनहीनता के आरोप में सोमवार देर रात निलंबित कर दिया। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। हालांकि, अग्निहोत्री ने कहा कि वह एक दिन पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। उन्होंने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में धरना दिया और अपने खिलाफ एक सोची-समझी साजिश का आरोप लगाया। अग्निहोत्री ने सरकारी नीतियों विशेषकर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नए नियमों और शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से जुड़े मामले पर नाराजगी जताते हुए सोमवार को पद से इस्तीफा दे दिया था, जिससे एक बड़ा प्रशासनिक और राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। सोमवार देर रात जारी एक आदेश के अनुसार,




अग्निहोत्री को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है और साथ ही उन्हें जिलाधिकारी शामली के कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार के नियुक्ति अनुभाग-सात से विशेष सचिव अन्नपूर्णा गर्ग के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है कि अग्निहोत्री ने प्रथम दृष्ट्या अनुशासनहीनता की है, जिसके कारण तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए अग्निहोत्री के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए बरेली मंडल के आयुक्त बीएस चौधरी को जांच अधिकारी नामित किया जाता है। विशेष सचिव गर्ग ने बताया कि प्रांतीय प्रशासनिक सेवा (पीसीएस) के 2019 बैच के अधिकारी अग्निहोत्री ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और बरेली के जिलाधिकारी अविनाश सिंह को ईमेल के माध्यम से अपना इस्तीफा भेजा।

## बलिया में सरयू नदी में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले के उभांव थाना क्षेत्र के तुर्तीपार के समीप सरयू नदी में कथित रुप से डूबने के कारण एक वृद्ध की मौत हो गई । पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, पिपरौली बड़ागांव गांव के शिवा दास मौर्य (75) का शव सोमवार की शाम सरयू नदी में मिला। उभांव थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## झारखंड: अलग-अलग सड़क हादसों में आठ लोगों की मौत

**चाईबासा (झारखंड):** झारखंड में बीते दो दिनों के दौरान हुए अलग-अलग सड़क हादसों में कुल आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पश्चिम सिंहभूम जिले के कराईकेला थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक भीषण दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार चार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधिकारी के अनुसार, तड़के करीब तीन बजे मोटरसाइकिल सवार ट्रक से आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार में असंतुलित होकर वाहन ट्रक से टकरा गया। कराईकेला थाना प्रभारी प्यारे हसन ने बताया कि मृतकों की पहचान चाईबासा सदर निवासी आकाश कुदादा (19), जमशेदपुर के सुंदरनगर निवासी अर्जुन टुड्डू (22), सरायकेला-खरसावां जिले के कुचाई निवासी आकाश गोपे (19) और रवि बिरुली (20) के रूप में हुई है। पुलिस ने बंदगांव के पास ट्रक को जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच में ट्रक चालक की कोई गलती नहीं पाई गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद यह स्पष्ट होगा कि युवक नशे में थे या नहीं। दूसरी घटना सोमवार रात गुमला जिले के सिसई प्रखंड के पुसो थाना क्षेत्र के कोटारी गांव के पास हुई, जहां सड़क किनारे एक पेड़ से टकराने के बाद मोटरसाइकिल सवार तीन किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान अमन उरांव (17), सहदेव उरांव (16) और मुन्ना उरांव (17) के रूप में हुई है। तीनों शादी समारोह से लौट रहे थे। तीसरी घटना मंगलवार शाम बोकारो जिले के पिंडराजोरा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-32 पर हुई, जहां कथित तौर पर नशे की हालत में ट्रेलर चालक ने दो ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। इस हादसे में पुरुलिया निवासी सुरेश महतो (21) की मौत हो गई और 10 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस सभी मामलों की जांच कर रही है।

## अविमुक्तेश्वरानंद मुद्दे पर अयोध्या में जीएसटी उपायुक्त ने इस्तीफा दिया



**अयोध्या (उप्र):** अयोध्या में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) उपायुक्त प्रशांत कुमार सिंह ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया तथा कहा कि जाति और धर्म के आधार पर देश को बांटने की हालिया कोशिशों से उन्हें गहरा दुख हुआ है, जो कथित तौर पर प्रयागराज की पवित्र भूमि से हो रही हैं। सिंह ने कहा कि वह सरकार, संविधान और देश के चुने हुए नेतृत्व के समर्थन में यह कदम उठा रहे हैं। प्रयागराज में ज्योतिष पीठ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और माघ मेला प्रशासन के बीच उस समय तनाव बढ़ गया, जब 18 जनवरी को मौनी अमावस्या स्नान पर्व के मौके पर पुलिस ने कथित तौर पर उन्हें और उनके अनुयायियों को गंगा में स्नान करने से रोक दिया। इस घटना के बाद, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद अपने शिविर के बाहर धरने पर बैठ गए, और मेला प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से माफी मांगने की मांग की। सिंह ने कहा, 'पिछले कुछ दिनों से प्रयागराज की पवित्र भूमि से जाति और धर्म के आधार पर देश को बांटने की घिनौनी कोशिशें हो रही हैं। इससे मुझे गहरा दुख हुआ है।' उन्होंने कहा कि यह फैसला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भारत के संविधान के समर्थन में लिया गया है।

## झारखंड: 48 शहरी स्थानीय निकाय के चुनाव 23 फरवरी को

**रांची:** झारखंड राज्य निर्वाचन आयोग (एसईसी) ने मंगलवार को कहा कि रांची सहित राज्य के 48 शहरी स्थानीय निकायों के लिए चुनाव 23 फरवरी को होंगे। मतगणना 27 फरवरी को की जाएगी। राज्य निर्वाचन आयुक्त अलका तिवारी ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर कहा, राज्य में 48 शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों के लिए मतदान 23 फरवरी को एक ही चरण में होगा। उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 29 जनवरी से शुरू होगी और चार फरवरी तक चलेगी। तिवारी ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच पांच फरवरी को की जाएगी, जबकि उम्मीदवार छह फरवरी तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। चुनाव चिन्ह सात फरवरी को आवंटित किए जाएंगे। नौ नगर निगमों, 20 नगर परिषदों और 19 नगर पंचायतों के 1,087 वार्ड के चुनाव में 21.26 लाख महिलाओं सहित 43.33 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र हैं। तिवारी ने कहा, महापौर या अध्यक्ष पदों और वार्ड पार्षदों के चुनाव सीधे तौर पर होंगे, जबकि उपमहापौर और उपाध्यक्ष का चुनाव परोक्ष रूप से होगा। झारखंड में शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) के चुनाव राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्हों पर नहीं लड़े जाते हैं, बल्कि उम्मीदवारों को इन पार्टियों का समर्थन प्राप्त होता है। साल 2018 में, नगर निगमों के महापौर और उप महापौर तथा नगर परिषदों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पदों के लिए यूएलबी चुनाव दलीय आधार पर हुए थे।

## पटना के होटल में प्रवासी भारतीय मृत मिला

**पटना:** ब्रिटेन से आए 76 वर्षीय प्रवासी भारतीय का शव मंगलवार को पटना के जक्कनपुर इलाके में स्थित एक होटल के कमरे से बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थानाध्यक्ष (एसएचओ) ऋतुराज कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान अजय कुमार शर्मा के रूप में हुई है और वह 18 जनवरी से होटल में ठहरे हुए थे। उन्होंने कहा, सोमवार को शाम करीब चार बजे होटल के कर्मचारियों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन उन्होंने दरवाजा नहीं खोला। फोन कॉल का भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद कर्मचारियों ने पुलिस को सूचना दी। सुरक्षा कर्मियों ने दरवाजा तोड़ा तो शर्मा को बिस्तर पर मृत अवस्था में पाया गया। अधिकारी ने बताया कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने होटल के कमरे से साक्ष्य एकत्र किए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) भेजा गया है।

## राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र आज से , सर्वदलीय बैठक हुई

**जयपुर:** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत से एक दिन पहले मंगलवार को राजनीतिक दलों की सर्वदलीय बैठक यहां संपन्न हुई, जिसमें सदन शांतिपूर्वक, नियमों और परम्पराओं से चलाने पर सहमति बनी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विधानसभा सचिवालय के अनुसार, 16वीं विधानसभा के पांचवें सत्र की शुरुआत बुधवार 28 जनवरी से होगी। सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। लगभग एक महीने तक चलने वाले इस सत्र में राज्य का वर्ष 2026-27 बजट भी पेश किया जाएगा। वहीं, मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई, जिसमें सदन शांतिपूर्वक चलने और सभी सदस्यों द्वारा सम्मानजनक व गरिमा बनाए रखने वाले शब्दों का उपयोग किये जाने पर सहमति व्यक्त की गई। सभी दलों दोनों ने अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि पक्ष व प्रतिपक्ष के सदस्य सदन में मर्यादापूर्ण व्यवहार से अपनी बात रखेंगे। देवनानी ने कहा कि सदन में सार्थक चर्चा होनी चाहिए और सभी सदस्यों को बोलने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि सदन व आसन की गरिमा सभी सदस्य बनाये रखें और सभी दलों के सभी सदस्य सकारात्मक सोच के साथ सदन को चलाए।

## झारखंड : उद्योगपति के बेटे को अपहरण के दो सप्ताह बाद हजारीबाग से बचाया गया



**जमशेदपुर:** झारखंड में जमशेदपुर के एक उद्योगपति का 13 जनवरी को अपहृत बेटा मंगलवार तड़के हजारीबाग जिले के बरही में मिला। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उद्योगपति देवांग गांधी के बेटे कैरव (24) का अपहरण उस समय किया गया था, जब वह सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में अपने कार्यालय जा रहा था। शहर के पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'जमशेदपुर पुलिस ने आज उसे सुरक्षित खोज लिया। उसे तड़के करीब साढ़े चार बजे उसके घर भेजा गया।' आधिकारिक बयान में कहा गया कि आरोपी 'जमशेदपुर पुलिस द्वारा की जा रही व्यापक छापेमारी' के कारण कैरव को किसी अन्य स्थान पर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। इसमें बताया गया कि पुलिस दलों को सतर्क किया गया और उन मार्गों पर तैनात किया गया जिनका अपहरणकर्ताओं द्वारा इस्तेमाल किए जाने का अनुमान था। बयान में कहा गया, 'पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण आरोपियों ने कैरव को सड़क पर छोड़ दिया और फरार हो गए।'' इसमें कहा गया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए अभियान जारी है। इससे पहले, पुलिस को घटना की रात राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर कांदेरबेड़ा इलाके से कैरव की कार मिली थी। देवांग गांधी आदित्यपुर लघु उद्योग संघ (एआईएसए) के उपाध्यक्ष एवं बिष्टुपुर के निवासी हैं। स्थानीय व्यापारियों और राजनीतिक नेताओं ने कैरव को बचाने के लिए पुलिस की सराहना की।

## वर्ग पहेली नं. 3334



*बायें से दायें:-* 1) बुरा, 3) पूर्वज, 6) लौटा हुआ, 8) ज्ञात, 9) संशय, 11) बग़ीचा, 13) मुँह में नीचे-ऊपर की हड्डी, 14) लगभग, 16) गीत, 18) दुर्गा, 19) प्रीति, 20) घटान फल, 22) निर्वाचक, 24) पावती, 26) ख़्वाब, 28) एक फल, 30) बंद करना *(आँखें)*, 31) शपथ.

*ऊपर से नीचे:-* 1) असावधान, 2) रोटी सेंकने का छिछला पात्र, 3) भारत का एक घटक राज्य, 4) गतिरुद्ध; जोड़ फल, 5) अनुमोदन, 7) व्यर्थ की झंझट, 10) भीड़भाड़, 12) जाली, 15) उचित से अधिक, 17) असत्य, 18) बुज़दिल; डरपोक, 19) वीरता, 20) दरमियान; भीतर, 21) रोज़ा का महीना, 22) इच्छा, 23) गुलामी, 25) अभ्यास करना, 27) ख्यातनाम, 29) फूफी.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ति | ■ | ख़ा | ता | ■ | को | शि | श | ■ | हाँ |
| तं | ■ | ब | रा | ब | र | ■ | क | ले | जी |
| बा | ज़ा | र | ■ | ह | म | ला | ■ | ■ | हाँ |
| ■ | ■ | दा | म | न | ■ | चा | ल | बा | जी |
| अ | द | र | क | ■ | उ | र | ■ | ब | ■ |
| ■ | रा | ■ | स | र्व | दा | ■ | द | र | जी |
| स | र | ह | द | ■ | ह | ■ | ल | ■ | र्णो |
| ब | ■ | सी | ■ | ब | र | बा | द | ■ | द्धा |
| ब | द | ना | मी | ■ | ण | ■ | ल | बा | र |

## सुडोकू-पहेली-3292

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 9 | | 6 | |
| | | 1 | | | | | | |
| | 9 | 4 | 5 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | 8 | | |
| | | | 6 | | | 4 | | 9 |
| 7 | | | | | 8 | | | |
| | | 8 | | 2 | | | | |
| 9 | 5 | 6 | | | | | 3 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3291 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 4 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 9 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 1 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 2 | 5 | 7 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 3 | 9 | 1 | 4 | 2 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 6 |
| 4 | 2 | 6 | 8 | 9 | 7 | 5 | 3 | 1 |

# भारत में भाजपा के हमलों का मुकाबला केवल 'दीदी' कर सकती हैं : अखिलेश यादव

## ❑ सपा प्रमुख ने नवान्न में मुख्यमंत्री ममता से की मुलाकात, 40 मिनट चली बैंठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सराहना करते हुए कहा कि वह (ममता) पूरे भारत में भाजपा का प्रभावी तरीके से मुकाबला करने वालीं एकमात्र विपक्षी नेता हैं और भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में करारी हार का सामना पड़ेगा। यादव ने अपनी पार्टी के वरिष्ठ नेता किरणमय नंदा के साथ राज्य सचिवालय 'नवान्न' में ममता से मुलाकात की। यादव ने भाजपा के हमलों का मुकाबला करने में दिखाए गए साहस के लिए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी की सराहना की। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने 40 मिनट की



मुलाकात के बाद पत्रकारों से कहा कि पूरे देश में अगर कोई भाजपा का प्रभावी तरीके से मुकाबला कर रहा है तो वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हैं। भाजपा का इसी तरह से मुकाबला किया जा सकता है, जिस तरह वह कर रही हैं। यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा निर्वाचन आयोग के साथ मिलीभगत करके एसआईआर कर रही है, जिसका उद्देश्य भारत के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को नष्ट करना है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि धर्मनिरपेक्ष ताकतें और इस राष्ट्र की पहचान 'भाईचारा' विजयी होंगे। भाजपा, निर्वाचन आयोग जैसी एक संवैधानिक संस्था के साथ मिलीभगत करके धर्मनिरपेक्षता के साथ खिलवाड़ कर रही है। हमें खुशी है कि दीदी ने ईडी को मात दी और वह भाजपा के खिलाफ भी विजयी होंगी। उन्हें हमारा पूरा समर्थन है।

**✒ 'एसआईआर की आड़ में एनआरसी लागू करने की योजना'**

उन्होंने उत्तर प्रदेश में एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाने की ओर इशारा करते हुए कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की आड़ में एनआरसी लागू करने और लोगों को प्रताड़ित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यादव ने कहा कि एसआईआर का मकसद चुनाव से पहले लोगों को अधिकतम कष्ट पहुंचाना है। यह अलग बात है कि वास्तव में बिहार में एसआईआर लागू हुआ या नहीं, लेकिन तथ्य यह है कि एसआईआर को पश्चिम बंगाल के लिए बनाया गया था। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी है कि मतदान बढ़े और अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। लेकिन पहली बार हम यह देख रहे हैं कि आयोग और भाजपा एसआईआर के बहाने एनआरसी लागू करने की कोशिश कर रहे हैं और आम लोगों को परेशान कर रहे हैं, स्पष्ट उद्देश्य यह है कि वोट घटाए जाएं।

**✒ 'ममता प्रेम-भाईचारे, जबकि भाजपा विभाजन की बात करती हैं'**

यादव ने आईपैक के खिलाफ ईडी की छापेमारी के दौरान ममता द्वारा अपने कब्जे में ली गई पेन ड्राइव का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा अभी तक पेन ड्राइव खोने का दर्द नहीं भूल पाई है। उन्होंने कहा कि ममता ने राज्य को उस डिजिटल डकैती से बचाया, जो एजेंसी करने की कोशिश कर रही थी। यादव ने कहा कि ममता बनर्जी प्रेम और भाईचारे की बात करती हैं, जबकि भाजपा विभाजन की। उन्होंने कहा कि भाजपा भूल जाती है कि बंगाल केवल सियासी रूप से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी सजग राज्य है, जहां से सार्वभौमिक मानवता एवं एकता के संदेश फैले हैं। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाले यहां सफल नहीं होंगे।



गणतंत्र दिवस के मौंके पर रेड रोड पर आयोजित समारोह में राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत अन्य गणमान्य अतिथि परेड का आनंद उठाते

### ममता की दिल्ली यात्रा के कारण विधानसभा का बजट सत्र का कार्यक्रम बदला

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अचानक नई दिल्ली जाने के फैसले के कारण विधानसभा के आगामी बजट सत्र के कार्यक्रम में बड़े बदलाव किए गए हैं। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पहले की योजना के अनुसार, बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होना था। हालांकि, विधानसभा सचिवालय के सूत्रों ने पुष्टि की है कि अब इसकी शुरुआत 3 फरवरी से होगी। चूंकि, इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं, इसलिए राज्य सरकार पूर्ण बजट पेश नहीं करेगी। इसके बजाय, वह लेखा मत के आधार पर मतदान कराएगी। विधानसभा के एक अधिकारी ने बताया कि संशोधित समय सारिणी के अनुसार सत्र 3 फरवरी से शुरू होगा, जिसके बाद स्थापित प्रथा के अनुरूप शोक संवेदनाओं के बाद सदन अगले दिन के लिए स्थगित कर दिया जाएगा। शब-ए-बारात के कारण अगले दिन विधानसभा बंद रहेगी और सरकार 5 फरवरी को लेखा मत प्रस्तुत करेगी। अगले दिन सत्र पुनः शुरू होगा, जिसमें वित्तीय प्रस्तावों पर चर्चा हो सकती है। 9 फरवरी सत्र का समापन होने की संभावना है।

## एसआईआर को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट में नई याचिका दायर

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में मामला पहले से विचाराधीन है। इसी बीच, इस मुद्दे पर कलकत्ता हाई कोर्ट में मंगलवार को एक नई याचिका दायर की गई है। याचिका में एसआईआर प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया गया है कि रिवीजन कराने के लिए कोई ठोस और स्पष्ट कारण नहीं बताया गया है। मंगलवार की सुबह याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने इस विषय को न्यायमूर्ति कृष्णा राव के संज्ञान में लाया, जिसके बाद याचिका दाखिल करने की अनुमति दी गई। अदालत सूत्रों के अनुसार, इस मामले की सुनवाई छह फरवरी को हो सकती है। याचिका में दावा किया गया है कि एसआईआर के नाम पर आम लोगों को अनावश्यक परेशान किया जा रहा है और छोटे-छोटे मामलों में भी लोगों को सुनवाई के लिए बुलाया जा रहा है। हाई कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है कि स्पेशल रिवीजन कराने का आधार क्या है, इस संबंध में अब तक कोई दस्तावेज या कारण सार्वजनिक नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि कानून के तहत रिवीजन के लिए ठोस कारण बताना अनिवार्य है, लेकिन न तो ऐसे कारण सामने रखे गए हैं और न ही कोई आधिकारिक दस्तावेज जारी किया गया है। याचिकाकर्ता ने यह भी बताया कि इस मुद्दे पर संबंधित प्राधिकरण से सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत जानकारी मांगी गई थी। सूचना आयोग ने चुनाव आयोग को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया था, इसके बावजूद अब तक कोई दस्तावेज या जानकारी प्रदान नहीं की गई। इन परिस्थितियों में याचिकाकर्ता ने कलकत्ता हाई कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की है।

## एसआईआर के दौरान लोगों के 'उत्पीड़न' के विरोध में कोलकाता में निकाला गया विरोध मार्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी के नेतृत्व में एक संगठन ने मंगलवार को राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान लोगों के कथित तौर पर उत्पीड़न के विरोध में मार्च निकाला। जमीयत-उलेमा-ए-हिंद का यह जुलूस उत्तर-मध्य कोलकाता के राजाबाजार इलाके से शुरू हुआ और शहर के मध्य भाग स्थित एस्प्लेनेड पर समाप्त हुआ। लगभग 4.5 किलोमीटर लंबा मार्च निकाला गया। इस मार्च में महिलाओं व बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने भाग लिया और केंद्र सरकार व निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारे लगाए। चौधरी ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ नागरिकों सहित निवासियों को सत्यापन के लिए घंटों लंबी कतारों में खड़ा होने के लिए मजबूर किया जा रहा है, जो 'अमानवीय' है। जन शिक्षा विस्तार एवं पुस्तकालय सेवा मंत्री ने कहा कि हम लोकतांत्रिक तरीकों से अपना संघर्ष जारी रखेंगे। हमारे साथ अन्याय हो रहा है, जो अस्वीकार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार इस वर्ष राज्य विधानसभा चुनाव से पहले एसआईआर कराने के लिए निर्वाचन आयोग पर दबाव डाल रही है। चौधरी ने एसआईआर के दौरान अल्पसंख्यकों को चुनिंदा रूप से निशाना बनाए जाने के सवाल के जवाब में कहा कि यह विरोध 'दमन और एक स्वायत्त संवैधानिक संस्था की स्वतंत्रता को कमजोर करने' के खिलाफ है।

### नवान्न के सामने धरने की अनुमति पर हाई कोर्ट ने सुनवाई पूरी की, फैसला सुरक्षित

**कोलकाता, समाज्ञा :** नवान्न के सामने विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति को लेकर दायर याचिका पर कलकत्ता हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। हालांकि अदालत ने अभी इस मामले में कोई अंतिम फैसला नहीं सुनाया है और निर्णय सुरक्षित रख लिया गया है। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी नवान्न के मुख्य द्वार के सामने धरने पर बैठने की अनुमति चाहते हैं। उनका कहना है कि मंदिरतला बस स्टैंड नहीं, बल्कि सीधे नवान्न गेट के सामने ही वे विरोध दर्ज कराना चाहते हैं। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कथित हस्तक्षेप और बाधा के विरोध में इस धरना कार्यक्रम की घोषणा की है। इससे पहले मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने टिप्पणी की थी कि शांतिपूर्ण आंदोलन करना सभी का अधिकार है, लेकिन नवान्न एक उच्च-सुरक्षा क्षेत्र है। ऐसे में वहां प्रदर्शन की अनुमति न देने को लेकर पुलिस की दलीलों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि अदालत ने पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के बजाय वैकल्पिक स्थान पर धरने की अनुमति दी थी।

## डीजीपी की नियुक्ति फिर उलझी, यूपीएससी ने कैट के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट में दी चुनौती

**नई दिल्ली/कोलकाता :** राज्य में नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति को लेकर स्थिति एक बार फिर जटिल हो गई है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने इस मामले में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) के आदेश को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती दी है। कैट ने इसी महीने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति तिथि (31 जनवरी) से पहले नए डीजीपी की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की जाए। दरअसल, कैट ने 21 जनवरी को आदेश दिया था कि राज्य सरकार 23 जनवरी तक डीजीपी पद के लिए पात्र भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों का पैनल यूपीएससी को भेजे, ताकि 31 जनवरी तक पूरी चयन प्रक्रिया पूरी की जा सके। इस आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार ने पिछले सप्ताह आठ वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों का पैनल यूपीएससी को भेजा, जिसमें वर्तमान कार्यवाहक डीजीपी राजीव कुमार का नाम भी शामिल है। साथ ही, राज्य सरकार ने राजीव कुमार के कार्यकाल में विस्तार की भी मांग की है। हालांकि, जब यह माना जा रहा था कि डीजीपी नियुक्ति को लेकर स्थिति सामान्य हो जाएगी, तभी यूपीएससी द्वारा कैट के आदेश को चुनौती दिए जाने से नई अड़चन खड़ी हो गई।

## 'एसआईआर पर्यवेक्षकों के रूप में प्रतिनियुक्त अधिकारियों के तबादले रद्द करें', चुनाव आयोग का सरकार को निर्देश

**नई दिल्ली/कोलकाता :** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल सरकार को मंगलवार को मतदाता सूची पर्यवेक्षकों के रूप में नियुक्त तीन आईएएस अधिकारियों के तबादलों को रद्द करने का निर्देश दिया और कहा कि ये तबादले आयोग की सहमति के बिना किए गए थे। आयोग ने बुधवार की दोपहर तक तीनों तबादलों को रद्द करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट भी तलब की है। आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को लिखे एक कड़े पत्र में कहा कि उसने पांच संभागीय आयुक्तों के साथ-साथ 'मतदाता सूची पर्यवेक्षकों' की नियुक्ति की थी। आयोग ने रेखांकित किया कि ये अधिकारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर हैं। आयोग ने कहा कि यह जानकारी मिली है कि पश्चिम बंगाल सरकार ने आईएएस अधिकारी अश्विनी कुमार यादव (उत्तर दिनाजपुर और दक्षिण दिनाजपुर के मतदाता सूची पर्यवेक्षक), रणधीर कुमार (उत्तर 24 परगना और कोलकाता उत्तर) और स्मिता पांडे (पश्चिम बर्धमान, पूर्वी बर्धमान और बीरभूम) के विभागीय तबादलों का आदेश दिया है। आयोग के मुताबिक, हालांकि, इन अधिकारियों के तबादले आयोग की पूर्व सहमति के बिना किए गए हैं, जो निर्देशों का उल्लंघन है। उपरोक्त के मद्देनजर, यह निर्देश जाता है कि तबादलों के आदेश तत्काल रद्द किए जाएं। आयोग ने कहा कि इसके अलावा, आपसे (बंगाल सरकार से) अनुरोध है कि भविष्य में ऐसे आदेश जारी करने से पहले आयोग की पूर्व सहमति प्राप्त करें। आयोग ने बुधवार अपाह्न तीन बजे तक अनुपालन रिपोर्ट मांगी है।




# सीमा पर भूमि हस्तांतरण को लेकर हाई कोर्ट सख्त, राज्य को नौ जिलों में अधिग्रहित जमीन 31 मार्च तक बीएसएफ को सौंपने का निर्देश



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के सीमावर्ती नौ जिलों में कांटेदार तार लगाने के लिए भूमि हस्तांतरण की समयसीमा तय करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को कड़ा निर्देश दिया है। मंगलवार को सीमा भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की डिवीजन बेंच ने आदेश दिया कि 31 मार्च तक संबंधित भूमि केंद्र सरकार को सौंपनी होगी। अदालत ने स्पष्ट कहा कि जिन जमीनों का अधिग्रहण प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी है और जिनके मुआवजे की राशि केंद्र सरकार द्वारा दी जा चुकी है, उनके हस्तांतरण में अब किसी तरह की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। मार्च के भीतर हर हाल में भूमि हस्तांतरण करना होगा। इस मामले में एसआईआर प्रक्रिया का हवाला भी स्वीकार्य नहीं होगा, यह टिप्पणी भी अदालत ने साफ शब्दों में की। साथ ही, जिन जमीनों के अधिग्रहण को लेकर अभी तक राज्य मंत्रिमंडल की मंजूरी नहीं मिली है, उस पर भी राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए अदालत ने अहम निर्देश दिए। बेंच ने पूछा कि कानून के तहत क्या आपात स्थिति में सीमा क्षेत्रों की भूमि का अधिग्रहण किया जा सकता है। इस संबंध में केंद्र और राज्य दोनों से अपना-अपना पक्ष हलफनामे के जरिए पेश करने को कहा गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 2 अप्रैल को होगी। गौरतलब है कि इस मामले की पिछली सुनवाई में केंद्र सरकार ने देश की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई थी। केंद्र की ओर से दलील दी गई थी कि देश में अभी भी करीब 4,100 किलोमीटर सीमा क्षेत्र में कांटेदार तार नहीं लगे हैं, जिनमें से लगभग 2,216.70 किलोमीटर सीमा पश्चिम बंगाल में है। केंद्र का आरोप है कि राज्य सरकार के असहयोग के कारण सीमा पर फेंसिंग का काम लंबे समय से अटका हुआ है। मंगलवार की सुनवाई में इसी पृष्ठभूमि में हाई कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर किसी तरह की टालमटोल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीमा सुरक्षा से जुड़े भूमि हस्तांतरण और अधिग्रहण की प्रक्रिया को तय समय के भीतर पूरा करना अनिवार्य होगा।

## हाड़ोआ में माध्यमिक के एडमिट कार्ड वितरण के दौरान स्कूल में मारपीट, परीक्षार्थी का सिर फटा



**कोलकाता, समाज्ञा :** माध्यमिक परीक्षा के एडमिट कार्ड वितरण को लेकर उत्तर 24 परगना के बसीरहाट महकमे में एक स्कूल परिसर में मारपीट की घटना से हड़कंप मच गया। इस घटना में दो माध्यमिक परीक्षार्थी घायल हो गए, जिनमें से एक छात्र के सिर में गंभीर चोट लगी है। दोनों घायलों को इलाज के लिए हाड़ोआ ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना हाड़ोआ पीजी हाई स्कूल की है। सोमवार को स्कूल में माध्यमिक परीक्षार्थियों को एडमिट कार्ड वितरित किए जा रहे थे। उसी दौरान लाइन में खड़े होने को लेकर दो छात्रों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। आरोप है कि एक छात्र ने दूसरे छात्र पर हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। झड़प के दौरान एक अन्य छात्र भी घायल हो गया। घटना के बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। शिक्षकों और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों के अनुसार, दोनों छात्रों का इलाज जारी है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर है। हालांकि, इस घटना के पीछे केवल एडमिट कार्ड वितरण को लेकर विवाद था या फिर किसी पुराने आपसी रंजिश का मामला, इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। पूरे मामले की जांच संबंधित विभाग कर रहा है, लेकिन स्कूल प्रबंधन ने इस घटना पर फिलहाल कोई टिप्पणी करने से इनकार किया है।

## पूर्वांचल तेरापंथी सभा ने गणतंत्र दिवस मनाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा (कलकत्ता-पूर्वांचल) ट्रस्ट द्वारा बढ़े हर्षोल्लास के साथ गणतंत्र दिवस समारोह सभा परिसर तुलसी वाटिका में आयोजित किया गया। संस्था अध्यक्ष संजय कुमार सिंघी ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामना प्रेषित करते हुए स्वागत किया और निवर्तमान अध्यक्ष हनुमान मल दुगड़, पूर्व अध्यक्ष नोरतन मल बरमेचा, न्यासी अमर सिंह सिंघी, राजेन्द्र सिंघी, महेन्द्र सुराणा, ओम बोरड़ आदि के साथ ध्वजारोहण किया। न्यासी अशोक जैन ने देशभक्ति गीत का संगान किया एवं ज्ञानशाला के बच्चों ने कविताओं और गीतिका के माध्यम से सराहनीय प्रस्तुति पेश की। तेरापंथ युवक परिषद, पूर्वांचल के अध्यक्ष राजीव बोथरा, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, पूर्वांचल के अध्यक्ष राकेश सिंघी, महिला मंडल, पूर्वांचल की तरफ से मंजू दुगड़ ने सभी को शुभकामना देते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। जुगराज दुधेड़िया, अशोक बैद, तेजकरण बच्छावत, पारस मल बच्छावत, राजेन्द्र सिंघी, जय सिंह बरड़िया आदि भी उपस्थित थे। संयोजक किशोर नौलखा, जसवंत बरड़िया के साथ रितेश बैद, धनपत बरड़िया, मनोज श्यामसुखा, प्रवीण पगारिया, आनंद बरमेचा, मनोज भादानी, मोहित घोषल, रोहित सुराणा आदि सभी के अथक प्रयास से कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन संगठन मंत्री हसमुख मूथा ने किया।



संवाद पत्र विक्रेता एसोसिएशन (एस्प्लानेड) द्वारा गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विधायक अशोक देव ने झंडोतोलन किया तथा अपने विचार रखे। इस मौके पर प्रमुख रूप से श्रीधर पाण्डेय, निमाई घोष, मोहम्मद सागिर, अनोज सिंह, माजिद अंसारी उपस्थित थे।

## पतान्जलि योग पीठ ने मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



**हावड़ा, समाज्ञा :** भारत स्वाभिमान पतान्जलि योग पीठ राज्य कोलकाता एवं उत्तर कोलकाता के द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस पतान्जलि योग पीठ हावडा एवं राज्य आफिस रघुनाथपुर में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। झन्डोत्तोलन विजय जायसवाल राज्य संरक्षक, शिवानारायण दे राज्य प्रभारी बी.एस.टी., हरीपद् कर्मोकार राज्य पी.वाई.एस., सपन दत्तो राज्य कार्यकारणी के द्वारा सम्पन्न हुआ एवं उत्तर कोलकाता जिला के तरफ से बिन्ध्याचल जायसवाल पी.वाई.एस., हरिसुदन सिकारी सचिव, राकेशचन्द्र केशरवानी संरक्षक, अशोक साव तहसील प्रभारी, पतित पावन तहसील प्रभारी, शिवकुमार जायसवाल लाईफ मेम्बर, सत्यप्रकाश साव मेम्बर, शिवनेत्र युवा प्रभारी, दुलाली देवी, पुर्डिमा गांगुली, रेखा मंडल, संचालक सीबु आदि मौजद रहे।



आरआईएस सिक्योरिटी लि. के परिवार द्वारा आशीष कुमार सिंह का 32वां जन्मदिन सभी साथियों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आरआईएस ग्रुप के सीएमडी तारकनाथ दुबे समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## हावड़ा के औरबिन्द नगर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण



**हावड़ा, समाज्ञा :** गणतंत्र दिवस के अवसर पर औरबिन्द नगर, हावड़ा में ऑपर्च्युनिटीज फॉर ऑल पहल के तहत औरबिन्द नगर यूथ एसोसिएशन द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बच्चों के बीच मिठाइयां वितरित की गईं और संस्था के सक्रिय सदस्यों को सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक मानस दत्ता, सलाहकार रजीब झा, संचालक श्याम हरिजन, अरबिंदा ठाकुर, बप्पा पत्रा, ज्ञान सिंह, रोशन मिश्रा, दिनेश भगत, क्रिस उपाध्याय, मनोज रजक, अकास शाह, विक्रम शर्मा और शिव कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



गणतंत्र दिवस का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय और समाज के तत्वावधान में झंडोत्तोलन के बाद में वार्ड 45 के युवाओं को लेकर एक क्रिकेट टूर्नामेंट भी किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन तारकेश्वर दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष तारकनाथ दुबे, उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश तिवारी, श्याम नारायण तिवारी, सचिव उमेश चंद तिवारी, कृपा शंकर पांडे, रामसूरत पांडे, अंजनी तिवारी, सत्येंद्र मिश्रा, अजय रावत, रणजीत सिंह, अजय गुप्ता, संदीप पांडे, प्रशांत पांडे एवं तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



गणतंत्र दिवस के मौके पर पूर्व विधायक संजय बक्शी ने झंडोत्तोलन किया। इस मौके पर दारा सिंह, रतन बनिक, दिनेश सिंह, अशोक पाठक, संजय सिंह, संतोष सिंह, अनिल सिंह, अनीश सिद्दीकी, औरंगजेब नासिर, सलीम मिजरा, आकाश सोनकर, आजाद खान, असलम हुसैन समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। ये जानकरी संस्था के सचिव मो. आफताब ने दिया।



श्री श्याम भक्त मंडल (बेलिलियस रोड) द्वारा तीसरा वर्ष 'दीदार श्याम के' कार्यक्रम शुभारंभ बैंक्वेट में आयोजित हुआ। इस मौके पर जेपी पांडेय, अजय साव, अमरजीत जायसवाल, रोहित जायसवाल, विजय साव (गुड्डू) समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## श्री जैन विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय में 77वां गणतंत्र दिवस देशभक्ति, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर एस.एस. जैन सभा के अध्यक्ष सरदारमल कांकरिया, विद्यालय अध्यक्ष विनोद कांकरिया, विद्यालय सचिव मनोज बोथरा, मुख्य अतिथि सुभाष कांकरिया, विशिष्ट अतिथि एवं विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. राजेश लूनिया सहित अन्य अतिथिगण, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरदारमल कांकरिया द्वारा ससम्मान ध्वजारोहण से हुई। स्वागत भाषण में विद्यालय सचिव मनोज बोथरा ने शिक्षा में आधुनिक बदलावों और नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि विद्यालय वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए स्टीम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित) पद्धति को प्रभावी रूप से लागू कर रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश लूनिया ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियाँ साझा करते हुए विद्यालय को अपनी सफलता की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति के श्रेष्ठ कर्म ही परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। मुख्य अतिथि सुभाष कांकरिया ने छात्रों को गणतंत्र के मूल आदर्शों की याद दिलाते हुए कहा कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन भी आवश्यक है। उन्होंने अनुशासन, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को जीवन में अपनाने का संदेश दिया तथा सत्य और करुणा को सफलता का आधार बताया। अंत में संजय कुमार पांडेय ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों की देशभक्ति सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, ताइक्वांडो व स्काउट छात्रों के शौर्य प्रदर्शन और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डनरीच में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और रेलवे सुरक्षा बल, सिविल डिफेंस, सेंट जॉन एम्बुलेंस तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की टुकड़ियों की परेड सलामी ली। इस मौके पर महाप्रबंधक ने दक्षिण पूर्व रेलवे की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल के शीर्ष माल लदान जोनों में शामिल है। अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 153 मिलियन टन माल लदान और 13,432 करोड़ राजस्व अर्जित किया गया। इस वर्ष 55 किमी दोहरीकरण/तीसरी लाइन पूरी हुई। यात्री सुविधाओं के तहत 80 लिफ्ट, 43 एस्केलेटर, 15 ऊंचे प्लेटफॉर्म, 35 विस्तारित प्लेटफॉर्म और 212 शेल्टर उपलब्ध कराने जैसे कई व्यवस्थाओं के बारे में बताया। इस अवसर पर देशभक्ति विषय पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय की सांस्कृतिक टीम तथा दक्षिण पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किया गया। गणतंत्र दिवस समारोह खड़गपुर, आद्रा, चक्रधरपुर एवं रांची स्थित मंडलीय कार्यालयों में भी आयोजित किया गया।

## मेट्रो रेलवे ने 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह के साथ मनाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे, कोलकाता ने 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया। इस अवसर पर मेट्रो रेल भवन में महाप्रबंधक सुभ्रांशु एस. मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और मेट्रो रेलवे के आरपीएफ की टुकड़ी से गार्ड ऑफ ऑनर लिया। इस मौके पर महाप्रबंधक ने मेट्रो रेलवे की विभिन्न उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मेट्रो रेलवे शहरी परिवहन को सुगम, सुरक्षित और विश्वसनीय बनाकर लाखों यात्रियों की रोजमर्रा की यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। महाप्रबंधक ने हाल ही में शुरू की गई रिटर्न जर्नी क्यूआर कोड आधारित पेपर टिकट सुविधा की जानकारी दी और बताया कि शीघ्र ही मोबाइल वॉलेट तथा पेमेंट ऐप के माध्यम से टिकटिंग की सुविधा भी शुरू की जाएगी, जिसमें टिकट रद्द करने का विकल्प भी उपलब्ध होगा। उन्होंने भविष्य की तकनीकी योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि आईआईटी खड़गपुर के सहयोग से डीसी-डीसी कन्वर्टर, आईआईटी मद्रास के साथ लीनियर इंडक्शन मोटर आधारित प्रणाली तथा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम पर कार्य किया जा रहा है। गणतंत्र दिवस अन्य मेट्रो कार्यालयों और स्टेशनों पर भी मनाया गया।

## पूर्व रेलवे ने 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने 77वां गणतंत्र दिवस पर बेहाला स्थित जेम्स लॉन्ग सरणी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में उत्साहपूर्वक मनाया। इस अवसर पर महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और आरपीएफ की टुकड़ी से सलामी ली। अपने संबोधन में उन्होंने रेलवे कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षित रेल संचालन ईस्टर्न रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 के लिए रेलवे मंत्री द्वारा ईस्टर्न रेलवे को 'सेफ्टी शील्ड' से सम्मानित किया गया। हावड़ा-वर्दवान खंड में 'कवच' प्रणाली लागू हो चुकी है, जबकि अन्य खंडों में कार्य प्रगति पर है। यात्री सुविधाओं के विस्तार के तहत 26 नई मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें, 2 राजधानी, 2 वंदे भारत स्लीपर, 12 अमृत भारत सेवाएं शुरू की गईं। साथ ही कई सेवाओं को एलएचबी कोच और मेमू में परिवर्तित किया गया। माल ढुलाई बढ़ाने के लिए आंदल और सालानपुर में दो गतिशक्ति कार्गो टर्मिनल चालू किए गए। बुनियादी ढांचे में 22 सबवे, 55 प्लेटफॉर्म शेड तथा 46 स्टेशनों को दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया। सुरक्षा के लिए 1,453 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। पर्यावरण संरक्षण के तहत 10.2 लाख पौधे लगाए गए। आरपीएफ ने विभिन्न अभियानों में 1,040 बच्चों को बचाया, 4.44 करोड़ का खोया सामान लौटाया और 315 अपराधियों को गिरफ्तार किया। समारोह में एजीएम शीलेंद्र प्रताप सिंह सहित कई अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन उपस्थित रहे।

## श्री जैन विद्यालय, हावड़ा में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**हावड़ा, समाज्ञा :** श्री जैन विद्यालय, हावड़ा में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध व्यवसायी एवं समाजसेवी प्रकाश पारख तथा सुप्रसिद्ध व्यवसायी विनोद कुमार केडिया ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। 'जैन सभा' के अध्यक्ष एवं विद्यालय के संस्थापक सरदारमल कांकरिया ने मंच से अतिथियों का परिचय कराते हुए उनका स्वागत किया। इस समारोह में प्रबंधन समिति के सचिव ललित कांकरिया, विनोद मिन्नी, शशि कांकरिया, प्रदीप पटवा, वीरेंद्र गिलडा, जयदीप पटवा, बालिका विभाग की प्रधानाध्यापिका मौसमी घोषाल, बालक विभाग की प्रिंसिपल इंदु जोसेफ चौधरी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सुनियोजित एवं सफल बनाने हेतु विद्यालय के शिक्षक-प्रतिनिधि संतोष कुमार तिवारी, विनोद सिंह, अनिल तिवारी, गरिमा सिंह, अनामिका तिवारी, सतीश कुमार सिंह, दीपशिखा तिवारी, सपना चक्रवर्ती, सोमनाथ, किरण मंडल, प्रेरणा सिंह, रजनी हिरावत, उमा बनर्जी, कृतिका श्रीवास्तव, सुजाता घीया, सोमेन चक्रवर्ती, चंद्रदेव चौधरी, भीम महतो आदि का विशेष योगदान रहा है। विद्यालय के सचिव ललित कांकरिया ने सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

## श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी विद्यालय परिसर में भारत का 77वां गणतंत्र दिवस गरिमा, उल्लास और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन गणतंत्र दिवस की परंपराओं और निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप किया गया। इस अवसर पर बॉयज सेक्शन के अध्यक्ष प्रकाश चंद नाहर, गर्ल्स सेक्शन के अध्यक्ष मालचंद सिंघी, समिति सदस्य कीर्ति कुमार नौलखा एवं संतोष जैन, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूनम सिंह, रेक्टर माधवी शर्मा तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके बाद बॉयज सेक्शन के अध्यक्ष प्रकाश चंद नाहर, गर्ल्स सेक्शन के अध्यक्ष मालचंद सिंघी तथा समिति सदस्य संतोष जैन द्वारा गणतंत्र दिवस के महत्व, भारतीय संविधान की गरिमा एवं नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रेरणादायी भाषण दिए गए। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय, वंदे मातरम एवं जय हिंद के सामूहिक नारों के साथ किया गया।



बिनायक एनक्लेव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

## जेआईएस ग्रुप और बॉप्टर के बीच एमओयू, छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने की पहल



**कोलकाता, समाज्ञा :** जेआईएस ग्रुप ने बोर्ड ऑफ प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ईस्टर्न रीजन), कोलकाता (बॉप्टर) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता अंतरराष्ट्रीय कोलकाता पुस्तक मेले 2026 के दौरान संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य अंतिम वर्ष के छात्रों और पासआउट स्नातकों के लिए अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और रोजगारोन्मुख अवसरों को सुदृढ़ करना है। इस साझेदारी के तहत नेशनल अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम और अन्य सरकारी योजनाओं के माध्यम से छात्रों को जागरूकता कार्यक्रम, ओरिएंटेशन सत्र और नामांकन सहायता प्रदान की जाएगी। जेआईएस ग्रुप अपने संस्थानों में छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करेगा और आवश्यक सहयोग देगा, जबकि बॉप्टर सेमिनार व कार्यशालाओं के जरिए अप्रेंटिसशिप नीतियों और उद्योग की जरूरतों पर मार्गदर्शन करेगा। यह पहल शिक्षा और उद्योग के बीच की खाई पाटने तथा कुशल, उद्योग-तैयार मानव संसाधन विकसित करने की दिशा में महत्व-पूर्ण कदम मानी जा रही है। एमओयू एक वर्ष के लिए प्रभावी रहेगा। इस अवसर पर दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गन एंड शेल फैक्टरी, काशीपुर में 77वां गणतंत्र दिवस मना

**कोलकाता, समाज्ञा :** गन एंड शेल फैक्टरी, काशीपुर में 77वां गणतंत्र दिवस अपार हर्षोल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। मुख्य महाप्रबंधक सुबीर कुमार माहा, भा.आ.नि.से. ने प्रातःकाल राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जीएमएफ परिसर में ध्वजारोहण से पूर्व डिफेंस सिक्योरिटी कॉप्स (डीएससी) के कर्मियों और दरवानों द्वारा शानदार मार्च पास्ट निकाला गया। संस्थान के प्रति समर्पित और उत्कृष्ट सेवा देने वाले कर्मचारियों को कलइयां घड़ियों और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक ने राष्ट्र की संप्रभुता के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वीवो एक्स200टी भारत में लॉन्च, जेडईआईएसएस कैमरा और दमदार बैटरी से लैस

**नई दिल्ली/कोलकाता :** वीवो इंडिया ने आज अपना नया फ्लैगशिप स्मार्टफोन वीवो एक्स200टी भारत में लॉन्च किया। यह स्मार्टफोन वीवो-जेडईआईएसएस को-इंजीनियर्ड इमेजिंग सिस्टम के साथ आता है, जिसमें 50 मेगापिक्सल जेडईआईएसएस सुपर टेलीफोटो और 50 मेगापिक्सल जेडईआईएसएस मेन कैमरा दिया गया है। फोन में फ्लैगशिप मीडियाटेक डाइमेंसिटी 9400+ चिपसेट और ओरिजिनओएस 6 का सपोर्ट मिलता है। वीवो एक्स200टी में 6200एमएएच की बड़ी बैटरी है, जो 90डब्ल्यू फ्लैशचार्ज और 40डब्ल्यू वायरलेस फ्लैशचार्ज को सपोर्ट करती है। लॉन्च के मौके पर वीवो इंडिया में प्रोडक्ट मैनेजमेंट के प्रमुख विकास टागरा ने कहा कि एक्स200टी रोज़मर्रा के उपयोग के लिए प्रीमियम परफॉर्मेंस और भरोसेमंद अनुभव प्रदान करता है।

# भाजपा विकसित बंगाल के लिए दृढ़ संकल्पित : नितिन नवीन

## नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष दो-दिवसीय दौरे पर बंगाल पहुंचे



**दुर्गापुर :** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने मंगलवार को कहा कि पार्टी पश्चिम बंगाल की प्रगति के लिए दृढ़ संकल्पित है। नवीन ने जोर देकर कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य की उन्नति आवश्यक है। भाजपा अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद राज्य की अपनी पहली यात्रा पर, नवीन ने पार्टी द्वारा आयोजित 'कमल मेला' का उद्घाटन किया। पश्चिम बर्दवान जिले के इस औद्योगिक शहर में मेले के उद्घाटन के बाद उन्होंने कहा कि हम बंगाल के विकास को हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। नवीन ने मेले के जरिये छोटे व्यापारियों को एक मंच प्रदान करने के लिए भाजपा की बंगाल इकाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि 2047 तक, विकसित भारत बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए उन्नत बंगाल एक आवश्यकता है। नवीन मंगलवार की शाम दो दिवसीय पश्चिम बंगाल दौरे पर अंडाल हवाई अड्डे पर पहुंचे। भाजपा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर, समाज सुधारक - राजा राममोहन रॉय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर और रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद की सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक प्रगति में योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् लिखा, जिसने ब्रिटिश राज के विरुद्ध देश के स्वतंत्रता संग्राम को बल दिया।

## हाई कोर्ट ने शुभेंदु अधिकारी की सुरक्षा राहत की अवधि बढ़ायी



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को मिली सुरक्षा राहत की अवधि को कलकत्ता हाई कोर्ट ने आगे बढ़ा दिया है। अब यह राहत 28 फरवरी तक प्रभावी रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 20 फरवरी को निर्धारित की गई है। यह आदेश न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने दिया। गौरतलब है कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान पूर्व मेदिनीपुर के कोलाघाट में एक पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना को लेकर शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। इस मामले में गिरफ्तारी की आशंका को देखते हुए उन्होंने हाई कोर्ट का रुख किया था। इससे पहले भी कलकत्ता हाई कोर्ट ने शुभेंदु अधिकारी को गिरफ्तारी से सुरक्षा प्रदान की थी। उसी राहत की अवधि को अब बढ़ा दिया गया है। अदालत के निर्देश के अनुसार, तय समयसीमा तक उनके खिलाफ कोई कठोर कदम नहीं उठाया जाएगा। अदालत सूत्रों के अनुसार, अगली सुनवाई में जांच की प्रगति और मामले की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद ही आगे के निर्देश जारी किए जाएंगे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना क्रमांक ई-निविदा/2026/02,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मदों के सामने उल्लिखित तिथि को 15.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जो 15.30 बजे खोली जाएगी: **क्रम सं., ई-निविदा सं. एवं कार्य का विवरण** निम्नानुसार हैं: **(1) ई-केजीपी-वेस्ट-01-2026,** खड़गपुर मंडल के लिए पाकुड़/तालझारी/बड़हरवा डिपो में 50 मिमी माप में 1,90,274 घनमीटर हार्ड स्टोन मशीन खंडित बैलस्ट की आपूर्ति एवं उतारना तथा रेलवे के बैगनों/हॉपरों में इसे लादना। **निविदा मूल्य:** रु. 39,09,72,702.42, **बयाना राशि:** रु. 21,04,900/-, **(2) ई-केजीपी-वेस्ट-02-2026,** एडीईएन/झारग्राम के कार्यक्षेत्र में घाटशिला और राखामाइन्स स्टेशन के पास एलसी नं. 120, 129 और 130 में मौजूदा सबवे का सुधार एवं उन्नयन। **निविदा मूल्य:** रु. 2,29,30,541.97, **बयाना राशि:** रु. 2,64,700/-, **(3) ई-केजीपी-ईस्ट-01-2026,** खड़गपुर मंडल के लिए बाकुड़ी/राजग्राम पिनरगड़िया डिपो में 50 मिमी माप में 1,80,691 घनमीटर हार्ड स्टोन मशीन खंडित बैलस्ट की आपूर्ति एवं उतारना तथा रेलवे के बैगनों/हॉपरों में इसे लादना। **निविदा मूल्य:** रु. 36,43,65,499.04, **बयाना राशि:** रु. 19,71,800/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00 (प्रत्येक के लिए), **खुलने की तिथि:** 12.02.2026 (प्रत्येक हेतु), **कार्य की समापन अवधि:** 18 माह (क्रम सं. 1 एवं 3 प्रत्येक हेतु) और 12 माह (क्रम सं. 2 हेतु)। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 29.01.2026 से 12.02.2026 को 15.00 बजे तक (क्रम सं. 1 से 3 के लिए)। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदाओं को स्वीकार नहीं किया जाएगा। द्रष्टव्य: प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1093)

**Name Change**

I, Bhavesh Chovatia, (DOB 26th February 1965), son of Rajnikant D Chovatia and Bharti R Chovatia, residing at Flat 6A, 45/4A, Chakraberia Road South, Bhawanipur, Kolkata-700025, do hereby solemnly affirm and declare that Bahvesh Chovatia, Bhavesh Rajnikant Chovatia, Bhavesh R Chovatia refer to the same person, myself via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 20th January 2026.

**Name Change**

I, Yash Mehta, (DOB 15th October 1988), son of Balwant Mehta and Shila Mehta, residing at Karunamoyee Appartment, 25/7 Mahendra Nath Sen Lane, Kolkata-700040, do hereby solemnly affirm and declare that Yash Mehta and Yash Balwant Rai Mehta refer to the same person, myself via affidavit before the Notary Public at Kolkata dated 27th January 2026.

**CHANGE OF NAME**

I, Tino Akum, Army No- JC 812442M, Rank- SUB resident of House No. 365, Aoyimkum, Aoyimkum, P.O. Industrial Estate, Dist.- Dimapur, Nagaland- 797113. My son's name been recorded incorrectly in my service record as Taliwapang. I do hereby declared that have changed my son's name from Taliwapang to Taliwapang Tzudir Vide affidavit Before the Ld. Executive Magistrate, 1st Class at Howrah, Kolkata, dated 19.01.2026

**Name Change**

I, Sanjib Kumar Shaw S/O Pannalal Shaw Residing at 29 Uma Das Lane, P.S.-New Market, Kolkata-700016, in few of my documents as well as in few documents of My major Daughter named nidhi shaw viz in her madhyamik certificate ; pan card and voter identity card my name is recorded as Sanjib Shaw instead of Sanjib Kumar Shaw vide an affidavit before the learned 1st class Judicial magistrate at Alipore. Date-27.01.2026. Affidavit no.4871 it has been affirmed and declared that Sanjib Shaw and Sanjib Kumar Shaw both are the same and one identical person.

## सुशील पोद्दार राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य नामित



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्र सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार पश्चिम बंगाल से सुशील पोद्दार को राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड का गैर-सरकारी सदस्य नामित किया गया है। यह नियुक्ति व्यापारियों के हितों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार, सुशील पोद्दार राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्यों की श्रेणी में शामिल किए गए हैं। बोर्ड में उनका कार्यकाल दो वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा। एनटीडबल्यूबी का गठन देशभर के व्यापारियों और लघु व्यावसायिक समुदाय की समस्याओं, सुझावों और कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से किया गया है। इस नामांकन के तहत बोर्ड के सदस्य राज्य स्तर पर विभिन्न सरकारी मंचों, विशेष रूप से स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी और अन्य संबंधित समितियों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे। इससे व्यापारियों से जुड़े मुद्दों, ऋण प्रवाह, कल्याण योजनाओं और नीतिगत सुझावों को सरकार तक प्रभावी रूप से पहुंचाने में मदद मिलेगी।



सेवा भारती (न्यू अलीपुर) ट्रस्ट ने कोलकाता सीनियर सिटीजन फोरम के सहयोग से 27वें वर्ष चार दिवसीय निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया, जिसका उद्घाटन नेताजी जयंती पर विधायक देवाशीष कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर संस्था के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।



बड़ाबाजार प्रोग्रेसिव ट्रेडर्स एसोसिएशन की तरफ से 77वां गणतंत्र दिवस पालन किया गया।

# हावड़ा जायसवाल परिवार ने श्याम बाबा को अर्पित किए 725 निशान







**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जायसवाल परिवार द्वारा आयोजित श्याम बाबा निशान यात्रा घुसड़ी धाम स्थित श्याम मंदिर में 725 निशान के साथ लगभग 1500 लोगो ने रविवार को श्याम बाबा के दर्शन किये। इस भव्य एवं सफल शोभायात्रा को सफल बनाने में मुख्य रूप से आयोजक मंडली में माया जायसवाल, गीता जायसवाल, सुमन जायसवाल, केशव प्रसाद गुप्ता, महेंद्र जायसवाल, कृष्ण कुमार जायसवाल, राजेश जायसवाल, अजय कुमार गुप्ता, ताड़कनाथ जायसवाल, सोमनाथ गुप्ता, विजय गुप्ता, गौतम जायसवाल, मनोज पासवान, नवीन जायसवाल, विनय जायसवाल, यशवंत जायसवाल, अमित जायसवाल की अहम भूमिका रही। विशिष्ट अतिथि में हरीश चंद्र जायसवाल, देवी प्रसाद जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, शिवशंकर गुप्ता, रामताड़क जायसवाल, रवींद्र जायसवाल, सुभाष जायसवाल, उमाशंकर जायसवाल, अरविंद गुप्ता, भूतपूर्व पार्षद संजय सिंह, भूतपूर्व पार्षद अनीता सिंह, पप्पू सिंह, भूतपूर्व पार्षद उमेश राय, भूतपूर्व पार्षद गीता राय, कलकत्ता से आए विशिष्ट अतिथि में श्री सहस्त्रार्जुन जयंती समारोह के अध्यक्ष विकाश जायसवाल (डब्बू), महासचिव आकाश जायसवाल, कोषाध्यक्ष गणेश जायसवाल, राजीव जायसवाल, राजीव जायसवाल (जेएसएस), अखिलेश जायसवाल, चंद्र प्रकाश जायसवाल, उमेश गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, दिनेश जायसवाल, गौतम जायसवाल, विजय गुप्ता, नंदकिशोर जायसवाल, आशीष जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल, महिलाओं में मुख्य रूप से सुनीता गुप्ता, शांति जायसवाल, अंजू गुप्ता, ममता गुप्ता, मीनाक्षी गुप्ता, दीपिका जायसवाल, मीरा जायसवाल, पूनम जायसवाल, सुनीता जायसवाल, निशा गुप्ता, शीला जायसवाल, प्रीति जायसवाल, विनीता जायसवाल, स्वीटी जायसवाल, सावित्री जायसवाल, निक्की जायसवालस समेत हजारों के संख्या में श्रद्धालुगण का साथ रहा। रास्ते भर जिन वॉलंटियर्स का साथ मिला उनमें नवीन जायसवाल, रोहन जायसवाल, अमित जायसवाल एवं रास्ते में शिविर लगाकर यात्रियों का सेवा करने में जिनका साथ मिला उनमें शाहिद, अनूप जायसवाल, संजय सिंह, अनीता सिंह, पप्पू सिंह, फांसीतला मोड़ में दिनेश जायसवाल, अमित जायसवाल, किंग्स रोड में त्रिलोकी जायसवाल, चाड़ा में कालू बाबू एवं बिनोद टिबरेवाल, घुसड़ी मंदिर धाम में रवींद्र जायसवाल, शिवकुमार जायसवाल, चंद्रप्रकाश जायसवाल, नवीन जायसवाल, महिला में मीरा गुप्ता, आशा जायसवाल, स्नेहा जायसवाल, अंशिका जायसवाल, किरण जायसवाल का साथ मिला।

**हावड़ा-अमृतसर मेल की नियंत्रण व्यवस्था**

**संशोधनी**

जलंधर सिटी यार्ड स्टेशन में पुल संख्या 28 के बर्तमान गार्डरों का नए पीएससी स्लैबों द्वारा प्रतिस्थापन के लिए अप और डाउन लाइनों पर ट्रैफिक ब्लॉक के चलते **13005 हावड़ा-अमृतसर मेल** के नियंत्रण के संबंध में पूर्व प्रकाशित उपर्युक्त शीर्षक वाले विज्ञापन के संदर्भ में, यह बताया जाता है कि **13005 हावड़ा-अमृतसर मेल** (यात्रा आरम्भ होने की तारीख 29.01.2026) 180 मिनट के पुनर्निर्धारित समय के बदले अपने **निर्धारित समय पर** हावड़ा से रवाना होगी और फिरोजपुर कैंट. मंडल पर इसे नियंत्रित नहीं किया जाएगा।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा रेलवे स्टेशन पर एम-यूटीएस सहायकों की नियुक्ति**

**एम-यूटीएस उपकरण का उपयोग करते हुए अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु**

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

**आवेदन सूचना संख्या : सीओएम/सीएफ/यूटीएस/एम-यूटीएस सहायक/एचडब्ल्यूएच/25/3 दिनांक: 28.01.2026**

एम-यूटीएस सहायक योजना के अनुसार एम-यूटीएस उपकरण का उपयोग करते हुए अनारक्षित टिकटों के वितरण के लिए हावड़ा रेलवे स्टेशन पर एम-यूटीएस सहायकों की नियुक्ति के लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा मंडल सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों और जनसाधारण से आवेदन आमंत्रित करते हैं।

**(1) चयन प्रक्रिया:** यदि नियुक्त किए जाने वाले आवश्यक एम-यूटीएस सहायकों की संख्या की तुलना में अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं, तो सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी को वरीयता दी जाएगी। यदि सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की संख्या भी नियुक्त किए जाने वाले आवश्यक एम-यूटीएस सहायकों की संख्या से अधिक है, तो चयन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा। सभी सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों पर विचार करने के बाद ही एम-यूटीएस सहायक पद के लिए आवेदन करने वाले निजी व्यक्तियों की पात्रता के आधार चयन किया जाएगा। उनकी संख्या अधिक होने की स्थिति में निजी आवेदकों का चयन लॉटरी के आधार पर किया जाएगा। **(2) नियुक्ति का कार्यकाल:** एम-यूटीएस सहायक का कार्यकाल दिनांक 31.08.2026 तक होगा। **(3)** एम-यूटीएस सहायक को मौजूदा लागू एटीवीएम फैसिलिटेटर के लिए स्वीकार्य अनुसार बोनस मिलेगा यानी 150 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए 3%; 151 किलोमीटर और 500 किलोमीटर के बीच यात्रा के लिए @ 2%; 500 किलोमीटर से अधिक की दूरी के लिए एक टिकट की यात्रा पर @ 1% की दर से। एम-यूटीएस सहायक द्वारा वितरित प्रत्येक टिकट के मूल्य पर स्वीकार्य बोनस देय होगा। बोनस राशि स्वचालित रूप से एम-यूटीएस एजेंट के अग्रिम टिकट जमा खाते में जोड़ दी जाएगी। **(4) बयाना राशि:** रु. 10,000/- की बयाना राशि के साथ आवेदन जमा किया जाना चाहिए (एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/फिक्स्ड डिपॉजिट/मनी रिसीट/बैंक गारंटी के रूप में)। **(5) प्रतिभूति जमा: चयनित एम-यूटीएस सहायक** द्वारा डिमांड ड्राफ्ट/फिक्स्ड डिपॉजिट/मनी रिसीट/बैंक गारंटी के रूप में रु 1,00,000/- की बापसी योग्य प्रतिभूति जमा राशि जमा की जाएगी। यदि चयनित आवेदक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारी है, तो प्रतिभूति जमा केवल रु 20,000/- होगी। **(6) पुलिस सत्यापन प्रमाण पत्र:** चयनित आवेदक को अपने इलाके की सेवा करने वाले पुलिस स्टेशन से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और उसके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला लंबित नहीं है। **(7)** किसी भी व्यक्ति को एम-यूटीएस सहायक के रूप में नियुक्त करने से उस व्यक्ति को रेलवे में रोजगार पाने का कोई अधिकार और / या दावा प्राप्त नहीं होगा। रेलवे सेवा में बहाली, सेवा का नियमितीकरण, बोनस, रेलवे पास सुविधाएँ आदि जैसे कोई लाभ एम-यूटीएस सहायक या उसके कानूनी उत्तराधिकारियों को नहीं प्राप्त होंगे। इस विषय में कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा। एम-यूटीएस सहायक रेलवे को वर्तमान या भविष्य में किसी भी देयताओं से मुक्त रखेगा। **(8)** नियुक्ति के लिए सामान्य शर्तें, आवेदन फॉर्म, पात्रता मानदंड, चयन प्रक्रिया और कार्यप्रणाली आदि निविदा फॉर्म में उपलब्ध होंगे और ये वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** के 'टेंडर' टैब से डाउनलोड किए जा सकते हैं और मुहरबंद लिफाफे में आवेदन फॉर्म **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा मंडल, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग (प्रथम तल), (रेल म्यूजियम के पास), हावड़ा-711101 के कार्यालय** में इस उद्देश्य के लिए रखे गए बॉक्स में डाला जाना चाहिए। **डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदन को सरासर रद्द कर दिया जाएगा। (9) महत्वपूर्ण तिथियाँ:** वेबसाइट में आवेदन फॉर्म का प्रकाशन और डाउनलोडिंग दिनांक **28.01.2026, 00.05 बजे** से शुरू होगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा के कार्यालय से आवेदन फॉर्म प्राप्त होना और आवेदन फॉर्म जमा करना दिनांक **28.01.2026, 11.30 बजे** से शुरू होगा। आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक **18.02.2026 को 15.00 बजे** है। आवेदन फॉर्म खुलने की तिथि **18.02.2026 को 15.15 बजे** है।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## अग्रसेन बॉयज स्कूल में संविधान की गरिमा के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**हावड़ा, समाज्ञा :** अग्रसेन बॉयज स्कूल के प्रांगण में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस समारोह का भव्यतापूर्ण आयोजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक सरोज कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्या अबीरा दास, विद्यालय की उप-प्राचार्या, उप-प्राचार्या (सह पाठयक्रम), शिक्षक-शिक्षिकाएं, विद्यालय परिवार के सभी सदस्यगण तथा कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सरोज कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्या अबीरा दास, के कर-कमलों द्वारा ध्वजा फहराकर तथा राष्ट्रगान कर किया गया। तत्पश्चात शहीदों की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के कप्तान, उप कप्तान एवं चारों सदनों के कप्तान, स्काउट के कप्तान तथा सदस्यों द्वारा कदमताल करते हुए निदेशक सरोज कुमार श्रीवास्तव, प्राचार्या अबीरा दास की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। इस पावन अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में 77वां गणतंत्र दिवस भव्य रूप से मनाया गया



**हावड़ा, समाज्ञा :** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्रांगण में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस भव्यता से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव, विद्यालय कार्यकारिणी सदस्य संजय अग्रवाल, उप-प्राचार्या काकोली नाग, विद्यालय के सभी विभाग के अधिकारीगण, सभी शिक्षिकाएं और छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव और गणमान्य अतिथि के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण कर एवं देश के शहीद राष्ट्रभक्तों की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय की छात्राओं द्वारा देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत मधुर संगीत गाए गए एंव हमारे देश के 'राष्ट्रीय गीत' वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित इस गीत की प्रस्तुति नाट्य मंचन द्वारा की गई। प्राचार्य महोदय ने अपने संदेश में सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि हमे एक आदर्श नागरिक के रूप में अपने सभी कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रतिज्ञा लेनी चाहिए।

## बंगेश्वर महादेव नया मंदिर में भागवत कथा का समापन



**हावड़ा, समाज्ञा :** चौरासी लाख योनियों में मनुष्य योनि को सबसे श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि इस योनि को प्राप्त कर वह स्वयं के कल्याण की सामर्थ्य रखता है, लेकिन इस दुर्लभ मनुष्य जीवन को प्राप्त कर के भी अगर हम भोग और संग्रह में ही लगे रहें तो फिर हम स्वयं अपने हाथों से अपने इस दुर्लभ जीवन का नाश कर रहे हैं। ये उद्गार सलकिया बांधाघाट स्थित बंगेश्वर महादेव नया मंदिर में माघ मास के उपलक्ष्य में सरोज-दिलीप चौधरी (अनमोल ग्रुप) के यजमानत्व और महेश कुमार शर्मा (नेचुरल ग्रुप) के संरक्षण में आयोजित सप्ताह व्यापी श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ को विश्राम देते हुए व्यक्त किये। कथा समापन से पूर्व शास्त्री जी ने मुख्य यजमान और कथा संरक्षक सहित पूरे आयोजन की सफलता में विशेष रूप से सक्रिय रहे सुभाष-पुष्पा अग्रवाल, सज्जन-रेनू तायल, मुकेश-मीनल शर्मा, मनीष-ममता शर्मा, प्रदीप-सुनिता केडिया, सुरेश-ममता भुवालका, संदीप-अंकिता, निकुंज-दृष्टि तायल, प्रीति-अमित अग्रवाल, रोहित-पलक अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों को व्यास पीठ से शुभाशीष प्रदान किया। कार्यक्रम समन्वयक संदीप ने आयोजन की सफलता में सहभागी बंगेश्वर महादेव प्रबंधन, मीडिया व पुलिस प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। सुरेश कुमार भुवालका ने कार्यक्रम का संचालन किया। आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ यह सप्तदिवसिय आयोजन सम्पन्न हुआ।

## द कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** गणतंत्र दिवस के गौरवपूर्ण अवसर पर द कलकत्ता एंग्लो गुजराती स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस उत्साह, देशभक्ति और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त सचिव चंद्रेश मेधानी द्वारा त्रिभुवनबप्पा को माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति और नागरिक चेतना से ओतप्रोत शानदार प्रस्तुतियां दीं। मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए गए तथा परिमल अजमेरा ने दीप प्रज्वलित किया। वहीं, मुख्य सचिव जय कामदार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर उपस्थित अतिथिगण चंद्रेश मेधानी (संयुक्त सचिव), गीतांजलि बेन ठक्कर (पूर्व प्राथमिक तथा प्राथमिक विभाग के अध्यक्ष), परेश के दफ्तरी (विद्यालय प्रबंधक समिति), जीमी सैनी (प्रधानाचार्या), जयदीप मुखर्जी (विभागाध्यक्ष), जयंती गांगुली (स्नातक स्तरीय विभागाध्यक्ष), विश्वजीत कुंडू (स्नातक स्तरीय विभागाध्यक्ष), प्रोफेसर कमल चक्रवर्ती और समन्वयक भास्वती चौधरी, अनिता रॉय, प्रीति पॉल, सोनल जगानी, रोहिणी गुप्ता एवं समस्त अतिथिगण ने भारतीयध्वज को सम्मानित करते हुए अपने देश प्रेम को प्रकट किया।

## नेताजी मंच, कोलकाता ने ध्वजारोहण कर मनाया 77वां गणतंत्र दिवस



**कोलकाता, समाज्ञा :** नेताजी मंच, कोलकाता की ओर से 77वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ध्वजारोहण समिक भट्टाचार्य, सांसद (राज्यसभा) एवं अध्यक्ष, भाजपा पश्चिम बंगाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत के संविधान के प्रति सम्मान व्यक्त करने और गणतंत्र दिवस की ऐतिहासिक महत्ता को रेखांकित करने के उद्देश्य से किया गया। यह समारोह नेताजी सुभाष रोड और कैनिंग स्ट्रीट के संगम स्थल पर आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष तमोघनो घोष, पियूष कानोडिया, प्रमोद सिंह, बाबू भाई जानी, कमलजीत पांडेय, प्रिंस झा, संतोष सिंह, अशोक गुप्ता, महेश गुप्ता, बबलू सोनकर, अखिलेश सिंह, कमलेश तिवारी, उपेंद्र चौधरी, शंभु सिंह, गोपाल सुथार, परमानंद सोनकर, सनोज सिंह, राजू सोनकर, नागेंद्र खरवार, रविंद्र चौधरी, राहुल सोनकर, हीरा लाल राव, रविन्द्र चंदन झा, अमर सिंह, राम अयोध्या साव, अरविंद राय, राधे ठाकुर, जितेंद्र चौरसिया, नीरज चौधरी, संजय चौरसिया और अभिषेक सोनकर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन अश्वनी सोनकर के नेतृत्व में किया गया। यह जानकारी नेताजी मंच के महामंत्री भोला प्रसाद सोनकर ने दी।

## भारतीय ज्योति क्लब में सरस्वती पूजा पर महाप्रसाद का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय ज्योति क्लब की ओर से सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में महाप्रसाद का आयोजन शायद साली लेन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर विशेष रूप से बोरों चेयरमैन रेहाना खातून, पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद मीना पुरोहित, पार्षद विजय ओझा, पूर्व विधायक संजय बक्शी, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, पूर्व पार्षद ओमप्रकाश पोद्दार, पूर्व पार्षद श्वेता इन्दोरिया, वार्ड 42 की महिला अध्यक्ष अनीला खान, समाजसेवी रामचन्द्र बडोपलिया, प्रमोद चांडक, विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारत राम तिवारी, सुरेंद्र शर्मा, रामबलभ मिश्रा, विरेन्द्र शर्मा, प्रेमचंद अग्रवाल, गोविंद इन्दोरिया, सामाज सेवी इरफान अली ताज, हरीश बडोपलिया, विक्रांत सिंह, रवि शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, अरुण सेठ, गिरधारी साव, शाहिद भाई, सजन मिश्रा, विवेक ड्रोलिया, श्याम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजू बागला, प्रभात तिवारी, संजीव शर्मा, संजीव राठी, वेद प्रकाश जोशी, दुलाल मित्र, कुलदीप पुरोहित, बी.एस मनी, समाज सेवी पायल नाग, प्रदीप शर्मा, मनोज बजाज, शांतनु मित्र, गंगासागर तिवारी, डॉ के.के शर्मा, सचिन शर्मा, आनंद महेश्वरी, ललित अग्रवाल, आचार्य रमेश चोमल, रितेश शाव, अभय शर्मा, राजकुमार अग्रवाल, मनोज परासर, पवन पारिक, सुप्रसिद्ध भजन गायक राजू गुरु, योगेश शर्मा, विनीत अग्रवाल एवं स्वर्णली दे मिश्रा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन शर्मा, अरविंद, सुनिल, आनन्द, अंकित, हनुमान शर्मा का विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी कार्यक्रम के संयोजक गणेश शर्मा ने दी है।

## श्रृंखला जीत के बाद भी स्पिनरों की परीक्षा, चौथे टी20 में भारत की नजर संतुलन पर



**विशाखापत्तनम:** न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ही तीन मैच जीतकर टी20 श्रृंखला अपने नाम कर चुकी भारतीय टीम बुधवार को होने वाले चौथे मुकाबले में भी ढिलाई नहीं बरतना चाहेगी। बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम प्रबंधन की चिंता का मुख्य कारण स्पिन गेंदबाजों का फीका प्रदर्शन बना हुआ है। अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन की विस्फोटक पारियों ने भारत को अजेय बढ़त दिलाई है। भारतीय बल्लेबाजों का आक्रामक रवैया इस कदर हावी रहा कि पिछले दो मैचों में 363 रन का लक्ष्य महज 25.2 ओवर में हासिल कर लिया गया। अभिषेक ने 300 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाए, जबकि सूर्यकुमार और किशन ने भी लगभग 230 के स्ट्राइक रेट को बनाए रखा। हालांकि गेंदबाजी में कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। कुलदीप ने दो मैचों में नौ से अधिक की इकॉनमी से रन लुटाए हैं, जबकि चक्रवर्ती को पिछले मैच में विश्राम देना पड़ा। ऐसे में टीम प्रबंधन रवि बिश्नोई को बनाए रखने या चक्रवर्ती को वापस लाने पर विचार कर सकता है। अक्षर पटेल की फिटनेस भी चयन के लिए अहम रहेगी। संजू सैमसन का खराब फॉर्म भी चिंता का विषय है। तीन मैचों में महज 16 रन बनाने वाले संजू को एक और मौका मिल सकता है और उन्हें तीसरे नंबर पर उतारने की संभावना है। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड के लिए यह श्रृंखला निराशाजनक रही है। उसके गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों के आक्रमण के सामने बेबस नजर आए हैं। कप्तान मिचेल सैंटनर की अगुवाई वाली टीम डैरिल मिचेल को ऊपर भेजकर संतुलन बनाने की कोशिश कर सकती है। विशाखापत्तनम की पिच और ओस के असर को देखते हुए एक बार फिर रन बरसने की उम्मीद है, लेकिन भारतीय टीम की असली परीक्षा स्पिन विभाग के सुधार में होगी, ताकि विश्व कप से पहले गेंदबाजी भी उतनी ही मजबूत बन सके जितनी उसकी बल्लेबाजी दिख रही है।

## अभी संन्यास लेने का विचार नहीं, जब समय आएगा तो देर नहीं करूंगा: केएल राहुल



**नयी दिल्ली:** भारत के अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल ने स्वीकार किया है कि संन्यास लेने का विचार उनके मन में आया था, लेकिन उन्होंने कहा कि वह जानते हैं कि अभी इसमें 'कुछ समय बाकी है' और जब समय आएगा तो वह इसमें देर नहीं लगाएंगे। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन के साथ बातचीत में राहुल ने कहा कि संन्यास लेना कोई मुश्किल फैसला नहीं होगा क्योंकि क्रिकेट के अलावा भी जीवन है। भारत की टेस्ट और वनडे टीमों के प्रमुख खिलाड़ी 33 वर्षीय राहुल ने पीटरसन से उनके यूट्यूब चैनल पर कहा, 'मैंने इसके बारे में सोचा है। मुझे नहीं लगता कि यह (संन्यास लेना) इतना मुश्किल होगा। अगर आप खुद के प्रति ईमानदार हैं तो जब समय आएगा तब इसे टालने का कोई मतलब नहीं होगा। निश्चित तौर पर इसमें अभी कुछ समय लगेगा।' राहुल ने 67 टेस्ट मैचों में 35.8 के औसत से 4,053 रन और 94 वनडे मैचों में 50.9 के औसत से 3,360 रन बनाए हैं। उन्होंने 72 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 37.75 के औसत और 139 के स्ट्राइक रेट से 2,265 रन भी बनाए हैं।

# अंडर-19 विश्व कप: भारत ने सुपर सिक्स में जिम्बाब्वे को 204 रन से हराया



**बुलावायो:** विहान मल्होत्रा की नाबाद शतकीय पारी और अभिज्ञान कुंडू के साथ उनकी शतकीय साझेदारी की बदौलत भारत ने आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स चरण के पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे को 204 रन से करारी शिकस्त दी। इस शानदार जीत के साथ भारतीय टीम ग्रुप-दो में छह अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई और अब उसका अगला मुकाबला एक फरवरी को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। ग्रुप चरण में अमेरिका, बांग्लादेश और न्यूजीलैंड को हराने के बाद भारत ने अपनी लय कायम रखते हुए पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 352 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वैभव सूर्यवंशी ने 30 गेंद में 52 रन बनाकर तेज शुरुआत दी, जबकि आखिरी ओवरों में खालिन पटेल ने 12 गेंद में 30 रन ठोककर रन गति और तेज कर दी। मध्यक्रम में विहान मल्होत्रा ने 107 गेंदों में सात चौकों की मदद से नाबाद 109 रन बनाए। उन्होंने अभिज्ञान कुंडू (61) के साथ पांचवें विकेट के लिए 113 रन की अहम साझेदारी निभाई। 352 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 37.4 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। आर.एस. अम्बरीष (19 रन पर दो विकेट) और हेनील पटेल (25 रन पर एक विकेट) ने शुरुआती झटके दिए। कप्तान आयुष म्हात्रे ने अपनी ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी से 14 रन देकर तीन विकेट झटके, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उधव मोहन ने मध्यक्रम को तोड़ते हुए तीन विकेट लिए। जिम्बाब्वे की ओर से कियन ब्लिगनॉट (37) और लीरॉय चिवाउला (62) ने कुछ संघर्ष जरूर किया, लेकिन रन गति बेहद धीमी रही। कुल मिलाकर भारत ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में दबदबा बनाते हुए टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी पेश की।

## पूर्व भारतीय क्रिकेटर जैकब मार्टिन शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार



**वडोदरा:** पूर्व भारतीय क्रिकेटर जैकब मार्टिन ने तड़के मंगलवार को यहां वडोदरा जिले में अपनी लग्जरी एसयूवी चलाते हुए कथित तौर पर शराब के नशे में सड़क किनारे खड़ी तीन कारों में टक्कर मार दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि हादसे के कुछ घंटे बाद 53 वर्षीय मार्टिन को हिरासत में लिया गया। मार्टिन ने भारत के लिए 10 वनडे मैच खेले हैं। पुलिस ने बताया कि बड़ौदा के पूर्व बल्लेबाज मार्टिन रात करीब 2:30 बजे अकोटा इलाके की पुनीत नगर सोसाइटी के पास अपनी लग्जरी एसयूवी चला रहे थे, तभी नशे की हालत में वाहन से नियंत्रण खो बैठे और एक घर के बाहर खड़ी तीन कारों से जा टकराए। अकोटा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने पीटीआई को यह जानकारी दी। क्षतिग्रस्त कारों के मालिक की शिकायत के आधार पर पूर्व क्रिकेटर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत लापरवाही और शराब पीकर वाहन चलाने से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मार्टिन की एमजी हेक्टर कार को जब्त कर लिया है।

## उत्तर प्रदेश के खिलाफ करो या मरो जैसे रणजी मैच के लिए विदर्भ ने यश ठाकुर को टीम में शामिल किया

**नागपुर:** मौजूदा रणजी चैंपियन विदर्भ ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के खिलाफ यहां 29 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के अहम मैच के लिए तेज गेंदबाज यश ठाकुर को टीम में शामिल किया है। दो बार की चैंपियन विदर्भ की टीम एलीट ग्रुप ए की अंक तालिका में आंध्र और झारखंड के बाद तीसरे स्थान पर है। झारखंड (1.605) और विदर्भ (1.578) के नाम एक समान छह मैचों 25 अंक है लेकिन नेट रन रेट बेहतर होने से झारखंड दूसरे स्थान पर है। विदर्भ की टीम अपने घरेलू मैदान वीसीए स्टेडियम में उत्तर प्रदेश का सामना करेगी। हर्ष दुबे टीम की कप्तानी करेंगे। टीम को पिछले सप्ताह आंध्र के हाथों आठ विकेट से हार के बाद बड़ा झटका लगा है। यह विदर्भ की 16 मैचों में पहली हार थी। टीम को पिछली शिकस्त 2023-24 के रणजी फाइनल में मिली थी। उसके बाद उसने 2024-25 की अजेय खिताबी अभियान के बाद की पहली बार हार झेला है। अनुभवी अक्षय वाडकर कलाई की चोट के कारण फिलहाल टीम से बाहर है। टीम: हर्ष दुबे (कप्तान), यश राठौड़ (उपकप्तान), अथर्व तायडे, अमन मोखाड़े, पार्थ रेखाडे, नचिकेत भुटे, दर्शन नालकंडे, प्रफुल्ल हिंगे, यश कदम, शुभम कापसे, शिवम देशमुख (विकेटकीपर), रोहित बिनकर (विकेटकीपर), गणेश भोसले, आदित्य ठाकरे, सत्यम भोयर, दानिश मालेवार, आर समर्थ, यश ठाकुर।

## बांग्लादेश का समर्थन करना अच्छा, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट की कीमत पर नहीं: पूर्व खिलाड़ी, अधिकारी

**कराची:** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा आगामी टी20 विश्व कप में भागीदारी को लेकर फैसला टालने के बाद पूर्व खिलाड़ियों और बोर्ड के पूर्व अधिकारियों ने एक सुर में कहा है कि बांग्लादेश का समर्थन करना ठीक है लेकिन यह राष्ट्रीय क्रिकेट की कीमत पर नहीं होना चाहिए। पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी या उससे हटने की पुष्टि के लिए शुक्रवार या सोमवार की समयसीमा तय की है। यह स्थिति बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बाद उत्पन्न हुई। पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान मोहम्मद हफीज का मानना है कि पीसीबी को पाकिस्तान टीम को विश्व कप में भेजना चाहिए, जबकि पीसीबीके पूर्वअध्यक्ष खालिद महमूद और पूर्व सचिव आरिफ अली अब्बासी को टीम को नहीं भेजने में कोई तर्क नजर नहीं आता।

## रोहित के साथ होने से खिलाड़ियों तक संदेश पहुंचाना बहुत आसान था: द्रविड़



**बेंगलुरु:** भारत के पूर्व कोच राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा की बदलाव के प्रति खुली सोच को सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे उनका काम काफी आसान हो गया था क्योंकि कप्तान का संदेश बिना किसी मुश्किल के पूरी टीम तक पहुंच जाता था। द्रविड़ लगभग तीन साल तक भारत के मुख्य कोच रहे और रोहित की कप्तानी में राष्ट्रीय टीम को अमेरिका में 2024 टी20 विश्व कप में जीत दिलाई। इसके बाद गौतम गंभीर को मुख्य कोच नियुक्त किया गया। रोहित अपने दोस्ताना मजाक के कारण टीम के साथियों के बीच लोकप्रिय थे जिससे उन्हें एक मजबूत तालमेल बनाने में मदद मिली और उनके लिए टीम में सुधार के बारे में अपने विचार साझा करना आसान हो गया। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में महान क्रिकेटर द्रविड़ ने कहा, 'जब आपका कप्तान खड़ा होता है और कहता है, 'मैं यह जिम्मेदारी लेता हूं, भले ही यह रनों की कीमत पर यह करना पड़े', तो उस संदेश को टीम के साथियों तक पहुंचाना बहुत आसान हो जाता है। सच तो यह है कि वह हर चीज की अगुआई करते, जिससे बतौर कोच आपका काम बहुत आसान हो गया।' द्रविड़ ने कहा,' उन्होंने रास्ता दिखाया।' उन्होंने कहा कि रोहित ने जल्दी ही पहचान लिया था कि भारत के सफेद गेंद के क्रिकेट को बदलने की जरूरत है और वह ऐसे खिलाड़ी बने जिन्होंने खेल को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी ली। द्रविड़ ने कहा, 'मुझे लगता है कि इस चीज में सबसे आसान हिस्सा रोहित के साथ काम करना था जो खुद भी इस बारे में काफी सोच-विचार करते थे। वह भी पहचान रहे थे कि खेल बदल रहा है।' उन्होंने कहा, 'आप जानते हैं, पिछले 10 साल में सफेद गेंद के क्रिकेट में बल्लेबाजी का तरीका, सब कुछ बदलना शुरू हो गया था। कुछ मायनों में, ऐसा लग रहा था कि हम थोड़े पीछे हैं और हमें इसमें बेहतर होने की जरूरत है। हमें थोड़ा और आगे बढ़ने की जरूरत थी।' द्रविड़ ने कहा, ''हमें कुछ और जोखिम उठाने की जरूरत थी। इसलिए तब उनसे बातचीत करना वास्तव में बहुत आसान था। मुझे लगता है, वह पूरी तरह से सहमत थे।

## बांग्लादेशी पत्रकारों के टी20 विश्व कप कवर करने के लिए फिर आवेदन प्रक्रिया पर काम कर रहा है आईसीसी

**नयी दिल्ली:** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भारत में टी20 विश्व कप कवर करने की इच्छा रखने वाले बांग्लादेश के पत्रकारों के लिए 'मीडिया एक्रिडिटेशन' पर फिर से काम कर रहा है। बांग्लादेश ने पड़ोसी देश में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया था। आईसीसी आवेदन प्रक्रिया में बदलाव कर रहा है क्योंकि बांग्लादेश के कुछ पत्रकारों ने दावा किया कि उनके 'एक्रिडिटेशन' (मान्यता) अनुरोध को विश्व संस्था ने खारिज कर दिया था। आईसीसी सूत्रों ने पीटीआई से कहा, 'प्रक्रिया पर फिर से काम किया जा रहा है क्योंकि अनुरोध की संख्या और कार्यक्रम में बदलाव हुआ है। 'एक्रिडिटेशन' सूची उसी हिसाब से तैयार की जा रही हैं।' सूत्रों ने कहा, 'बांग्लादेश के कुछ पत्रकारों ने अपनी टीम के टूर्नामेंट से हटने के बावजूद टूर्नामेंट कवर करने में दिलचस्पी दिखाई थी, उन्हें मंजूरी मिलनी शुरू हो गई है।' बांग्लादेश के लगभग 80-90 पत्रकारों ने मीडिया एक्रिडिटेशन के लिए अनुरोध किया था और सूत्रों ने कहा कि भले ही उनकी टीम आईसीसी टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही होती, तब भी सभी के अनुरोध को पूरा नहीं किया जा सकता था।




माननीय मुख्यमंत्री

सुश्री ममता बनर्जी

ने वाटगंज के द्वाईघाट में स्थित मोक्षधाम नाम के एक नए श्मशान घाट की वर्चुअल रूप से आधारशिला रखी है।

यह श्मशान घाट प्रेरणा फाउंडेशन का नव-प्रकल्प है (कोलकाता नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में)



माननीय मेयर, कोलकाता नगर निगम और प्रभारी मंत्री, शहरी विकास और नगर मामले विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार

जनाब फिरहाद हकीम

की उपस्थिति में संपन्न हुआ।










1 प्रवेश + मंदिर + पार्किंग 2 मुख्य भवन 3 इलेक्ट्रिक भट्टी 4 शेड (लकड़ी की चिताएं) 5 घाट क्षेत्र 6 पवेलियन 7 चिंतन उद्यान

- इसे कुल 8,485 वर्ग मीटर के क्षेत्र में विकसित किया जाएगा
- जमीन का एक हिस्सा हेस्टिंग्स के पास वाटगंज में गंगा नदी से सटा हुआ है।
- ऑटोमेटेड एयर-हैंडलिंग सिस्टम के साथ 8 लकड़ी की चिताएं
- पूरी तरह से प्रदूषण-नियंत्रण सिस्टम के साथ 2 इलेक्ट्रिक शवदाह सुविधाएं
- पूरे परिसर में वेटिंग रूम और एयर-कंडीशन्ड वेटिंग हॉल
- ध्यान और प्रार्थना के लिए समर्पित कियोस्क
- मृतक के परिवार के सदस्यों के लिए गंगा के किनारे एक वेटिंग पवेलियन
- गर्म पानी की सुविधा के साथ गंगा जल में स्नान के लिए समर्पित एक पवेलियन
- पार्किंग की सुविधा
- परिसर के अंदर एक शिव मंदिर
- सभी नगर निगम सेवाएं और गतिविधियां कोलकाता नगर निगम द्वारा व्यवस्थित की जाएंगी

परियोजना लागत : 65 करोड़ रुपये | तारीख: 27 जनवरी, 2026 | स्थान: नबान

### महाराष्ट्र स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालयों में मराठी को अनिवार्य बनाने पर रिपोर्ट मांगी

**मुंबई :** महाराष्ट्र स्कूल शिक्षा विभाग ने मंगलवार को शिक्षा आयुक्त से 2020 के उस आदेश के अनुपालन पर रिपोर्ट देने को कहा, जिसमें हर स्कूल में मराठी को अनिवार्य विषय बनाया गया है। राज्य में नौ मार्च 2020 को जारी एक शासकीय आदेश के अनुसार, इंडियन सर्टिफिकेट ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (आईसीएसई), केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), या अन्य बोर्डों से संबद्ध स्कूलों सहित सभी स्कूलों में मराठी पढ़ाना अनिवार्य है। शिक्षा विभाग ने इस विषय पर सितंबर 2024 में क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशकों को पत्र भेजा था। नवीनतम पत्र में कहा गया है, ''शासकीय आदेश के कार्यान्वयन का सत्यापन किया जाना चाहिए और एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।''

### प्रधानमंत्री 28 जनवरी को एनसीसी की रैली को संबोधित करेंगे

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को यहां करियप्पा परेड ग्राउंड में वार्षिक 'एनसीसी पीएम रैली' को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि रैली का विषय 'राष्ट्र प्रथम – कर्तव्य निष्ठा युवा' है, जो भारत के युवाओं में कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता की भावना को दर्शाता है। यह रैली महीने भर चलने वाले एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2026 के भव्य समापन का प्रतीक होगी, जिसमें देश भर से 2,406 एनसीसी कैडेटों ने भाग लिया, जिनमें 898 महिला कैडेट शामिल थीं। इस रैली में 21 विदेशी देशों के 207 युवा और अधिकारी भी भाग लेंगे। इस अवसर पर, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट, राष्ट्रीय रंगशाला और राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य एक जीवंत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सेवा और चरित्र विकास में उनकी भूमिका को प्रदर्शित किया जाएगा।

### गुजरात एटीएस ने आतंकी साजिश के मामले में एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**अहमदाबाद :** गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने 22 वर्षीय एक कट्टरपंथी दर्जी को गिरफ्तार किया है जो कथित तौर पर 'अकेले' काम करता था और पैगंबर मोहम्मद के अपमान' का बदला लेने के लिए उत्तर प्रदेश में कुछ व्यक्तियों की हत्या करने की साजिश रच रहा था। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एटीएस ने रविवार को आरोपी फैजान शेख से एक पिस्तौल और छह कारतूस जब्त किए। उन्होंने बताया कि फैजान शेख गुजरात के नवसारी जिले के चारपुल में रह रहा था लेकिन वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के डुंडावाला का है। एटीएस के उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सुनील जोशी ने पत्रकारों को बताया, ''वह अकेले ही काम करता था। जब भी उसे कोई पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी करता हुआ मिलता, तो वह अपने समूह के लोगों के साथ मिलकर उस व्यक्ति की हत्या की साजिश रचता था। ''जोशी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि शेख और वांछित आरोपी मोहम्मद अबू बकर ने एक विशिष्ट समुदाय में आतंक फैलाने की योजना बनाई थी।

# संतुलन और शांति बनाए रखने में मददगार साबित हो रहे हैं भारत-यूरोपीय संघ के संबंध: मुर्मू

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एकजुट वैश्विक मोर्चे की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मंगलवार को कहा कि आधुनिक जटिलताओं से निपटने के लिए भारत और यूरोपीय संघ को सामूहिक कार्रवाई का नेतृत्व करना चाहिए। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंतोनियो कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के सम्मान में आयोजित भोज के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू ने बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य की चुनौतियों पर बात की और प्रणालीगत विकास के माध्यम से बहुपक्षवाद को मजबूत बनाने की बात कही। उन्होंने कहा, वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में हमारे पास



साझा विश्व दृष्टिकोण और सोच है। उन्होंने आगे कहा, हम मानते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के लिए सामूहिक समाधान आवश्यक हैं और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में सुधार होना चाहिए, उन्हें कमजोर नहीं किया जाना चाहिए, ताकि वे समकालीन वास्तविकताओं के अनुरूप ढल सकें। राष्ट्रपति कहा कि एक संतुलनकारी शक्ति के रूप में भारत की भूमिका बढ़ रही है और यह भविष्य की चुनौतियों के सामने अंतरराष्ट्रीय मंचों के मजबूत व समावेशी बने रहने की आवश्यकता को रेखांकित करती है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि दुनिया के सामने मौजूद चुनौतियां जटिल हैं, लेकिन अवसर भी उतने ही व्यापक हैं। उन्होंने कहा, भारत-यूरोपीय संघ की साझेदारी संतुलन, स्थिरता व आशा की शक्ति के रूप में उभर रही है। साथ मिलकर हम एक ऐसा भविष्य बना सकते हैं जो सतत, समावेशी और मानवीय हो।

## जो सरकार सनातन धर्म के अनुयायियों को निराश करती है, वह कभी सत्ता में वापस नहीं आएगी: शाह

**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि जो सरकार सनातन धर्म के मूल्यों को कायम रखने में विफल रहती है, वह कभी सत्ता में वापस नहीं आएगी। गांधीनगर में स्वामीनारायण संप्रदाय की एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि विभिन्न सनातन परंपराओं के अनुयायी स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक इस उम्मीद में इंतजार करते रहे कि उन्हें ऐसी सरकार मिलेगी, जो सनातन धर्म को उचित महत्व देगी और इसके सिद्धांतों के अनुसार शासन करेगी। उन्होंने कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि संतों के आशीर्वाद से, सनातन धर्म के अनुयायियों को निराश करने वाली कोई भी सरकार इस देश में फिर कभी सत्ता में नहीं आएगी। ''यह आयोजन भगवान स्वामीनारायण द्वारा 1826 में लिखित 212 संस्कृत श्लोकों वाली



पवित्र आचार संहिता 'शिक्षापत्री' के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। यह स्वामीनारायण संप्रदाय के अनुयायियों के लिए एक मूलभूत मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है, जिसमें अहिंसा, पवित्रता, आहार और दैनिक कर्तव्यों सहित नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक सिद्धांतों की रूपरेखा दी गई है। शाह ने कहा कि गुजरात के बेटे नरेन्द्र मोदी पिछले 11 वर्षों से देश का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भगवान राम के उस मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया है, जो 550 साल से भी अधिक समय पहले नष्ट कर दिया गया था, जिससे सदियों से इस क्षण का इंतजार कर रहे लोगों की इच्छा पूरी हुई है।

## लोकसेवकों के खिलाफ शिकायत हलफनामे के साथ दर्ज की जानी चाहिए: उच्चतम न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि लोकसेवकों द्वारा आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन में अपराध किए जाने के आरोप वाली याचिका के साथ हलफनामा होना आवश्यक है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने प्रधान न्यायाधीश द्वारा सभी उच्च न्यायालयों को भेजे गए एक पत्र का उल्लेख किया, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया था कि न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ शिकायतों पर तब तक विचार नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि उनके साथ हलफनामा न हो। पीठ ने कहा, ''जब किसी न्यायिक अधिकारी के खिलाफ आरोपों की प्रामाणिकता को हलफनामे द्वारा समर्थित करने की आवश्यकता होती है, तो लोकसेवकों के मामले में भी इसी तरह की आवश्यकता पर जोर देने का समान औचित्य मौजूद है। ''इसने कहा, ''...इस तरह की आवश्यकता का अंतर्निहित उद्देश्य दोनों मामलों में समान है, अर्थात् झूठी, तुच्छ या परेशान करने वाली शिकायतों को दूर करना और लोकसेवकों को दंड के दायरे में लाने तथा उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग से बचाने के बीच संतुलन बनाना।

## किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा: यूजीसी विवाद पर धर्मेंद्र प्रधान

**डीडवाना (राजस्थान) :** उच्च शिक्षा संस्थानों में समता को बढ़ावा देने संबंधी विनियम, 2026 को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को आश्वासन दिया कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा और विनियमों का दुरुपयोग नहीं होने दिया जाएगा। प्रधान का यह आश्वासन सोशल मीडिया समेत देश के कई स्थानों पर इस नियम के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों के बाद आया है। इसके अलावा, हाल ही में अधिसूचित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियम को चुनौती देते हुए सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका भी दायर की गई है। याचिका में आरोप लगाया गया है



कि इस विनियमन ने जाति-आधारित भेदभाव की गैर-समावेशी परिभाषा को अपनाया है और कुछ श्रेणियों को संस्थागत संरक्षण से बाहर रखा है। प्रधान ने आश्वासन दिया है कि किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। प्रधान ने यहां संवाददाताओं से कहा, मैं विनम्रतापूर्वक सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि किसी को भी किसी प्रकार के उत्पीड़न का सामना नहीं करना पड़ेगा। कोई भेदभाव नहीं होगा और किसी को भी भेदभाव के नाम पर इस नियम का दुरुपयोग करने का अधिकार नहीं होगा। उन्होंने कहा, चाहे यूजीसी हो, केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार, उनकी जिम्मेदारी है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यह भारत के संविधान के दायरे में ही होगा। उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया है कि हाल ही में अधिसूचित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्द्धन हेतु) विनियम, 2026 का विनियमन 3(सी) गैर-समावेशी है और आरक्षित श्रेणियों से इतर छात्रों और शिक्षकों की रक्षा करने में विफल रहता है।

## आरेडिका में 77वें गणतंत्र दिवस पर वंदे मातरम् की गूंज, तिरंगे में रंगा परिसर

**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। आरेडिका आवासीय परिसर के क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह



में महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण किया और कर्मचारियों व उनके परिवारों को संबोधित किया। रेलवे सुरक्षा बल, उत्तर प्रदेश कल्याण निगम लिमिटेड तथा भारत स्काउट एवं गाइड की टीमों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने आरेडिका परिवार को बधाई देते हुए एकता और भाईचारे के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि अब तक 15,000 कोचों का निर्माण किया जा चुका है और फरवरी के प्रारम्भ में 16 डिब्बों वाली वंदे भारत चेयर कार का पहला रेक देश को समर्पित किया जाएगा। फोर्ज्ड व्हील उत्पादन में 60,000 पहियों का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है। पर्यावरण संरक्षण के तहत 100 मिलियन लीटर भू-जल संरक्षण कार्य प्रगति पर है तथा सौर ऊर्जा क्षमता बढ़कर 5.13 मेगावाट हो गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत, समूह गान और नृत्य की प्रस्तुति हुई। इस अवसर पर राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सेवानिवृत्त आरपीएफ अधिकारी हसन अस्करी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा सहित अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार उपस्थित रहे।

## पश्चिम मध्य रेल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वाँ गणतंत्र दिवस

**जबलपुर :** पश्चिम मध्य रेल में 77वाँ गणतंत्र दिवस समारोह उल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम रेलवे स्टेडियम जबलपुर में आयोजित हुआ, जहाँ महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने ध्वजारोहण कर परेड



का निरीक्षण किया। रेल सुरक्षा बल, सेंट जॉन एम्बुलेंस तथा स्काउट्स एवं गाइड्स की टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया, वहीं स्कूली बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। अपने संदेश में महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमारे संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति आस्था व्यक्त करने का पर्व है। उन्होंने बताया कि पश्चिम मध्य रेल को मियाना स्टेशन के लिए राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 मिला है तथा अमृत भारत योजना के तहत छह पुनर्विकसित स्टेशनों का लोकार्पण किया गया है। ओवरऑल एफिशिएंसी के लिए गोविंद बल्लभ पंत शील्ड सहित कई सम्मान भी प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि नागदा-मथुरा खंड पर 'कवच 4.0' प्रणाली लागू कर पश्चिम मध्य रेल देश का पहला जोन बना है। समारोह में अपर महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएँ, अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में परिजन उपस्थित रहे। इसके अलावा जागृति बालगृह, केंद्रीय चिकित्सालय और मुख्यालय परिसर में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## एसआर के कारण असमिया लोगों को नहीं, 'मिया' समुदाय के लोगों को समस्या हो रही है: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि मतदाता सूचियों के जारी विशेष संशोधन (एसआर) के कारण किसी भी असमिया नागरिक को कोई समस्या नहीं हो रही है बल्कि केवल 'मिया' (बांग्ला भाषी मुस्लिम) लोगों को ही इस प्रक्रिया से दिक्कत हो रही है। मुख्यमंत्री ने डिगबोई में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 'मिया' समुदाय के लोगों को राज्य में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। शर्मा ने दावा किया कि मतदाता सूची से 'मिया' मतदाताओं के नाम हटाना केवल एक प्रारंभिक कदम है, और जब बाद में राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया जाएगा, तो बांग्लादेश के मुसलमानों के चार से पांच लाख वोट रद्द कर दिए जाएंगे। शर्मा ने कहा, ''हां, हम मिया समुदाय के वोट चुराने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें हमारे देश में नहीं, बल्कि बांग्लादेश में वोट देना चाहिए। हम यह सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था कर रहे हैं कि वे असम में वोट न दे सकें। ''

## समाचार व्यापार

# भारत-ईयू एफटीए के 2026 में लागू होने की संभावना: गोयल

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि महत्वाकांक्षी भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वर्ष 2026 में लागू हो सकता है। उन्होंने इस ऐतिहासिक व्यापार समझौते की वार्ता संपन्न होने की घोषणा के कुछ घंटों बाद यह बात कही। इससे पहले दिन में भारत और 27 देशों के यूरोपीय संघ (ईयू) ने इस समझौते के लिए बातचीत पूरी की, जिसे 'अब तक का सबसे बड़ा समझौता' बताया जा रहा है। इस समझौते के लागू होने के बाद भारत के 93 प्रतिशत निर्यात को यूरोपीय संघ में शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जबकि वहां से लग्जरी कारों और वाइन का आयात भारत में सस्ता हो जाएगा। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय आयोग की प्रमुख की भारत की राजकीय यात्रा पर आयोजित एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल का जवाब देते हुए गोयल ने कहा, ''हर समझौता अपने आप में





खास होता है और यह एक शानदार समझौता है। इसकी कानूनी बारीकियों की जांच बहुत तेजी से की जाएगी...। हमें उम्मीद है कि हम वर्ष 2026 के भीतर ही इस समझौते के लागू होने का जश्न मनाएंगे। ''गोयल ने कहा कि यह समझौता दो दशकों से अधिक समय तक चली बातचीत के बाद संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि यह समझौता दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था- भारत और दूसरे सबसे बड़े आर्थिक समूह- ईयू में लगभग दो अरब लोगों का बाजार तैयार करेगा। कुल मिलाकर, भारत और ईयू वैश्विक जीडीपी में 25 प्रतिशत और अंतरराष्ट्रीय व्यापार (लगभग 33,000 अरब डॉलर) में एक-तिहाई (लगभग 11,000 अरब डॉलर) का योगदान देते हैं। मंत्री ने आगे कहा कि यूरोपीय संघ और भारत ने संवेदनशील मुद्दों को अलग रखते हुए एक ''संतुलित, न्यायसंगत और निष्पक्ष'' मुक्त व्यापार समझौता किया है, जो भारत और यूरोपीय संघ, दोनों के लिए फायदेमंद है। गोयल ने कहा कि इससे निवेश के ढेरों अवसर खुलेंगे। यूरोपीय संघ भारत का 22वां एफटीए भागीदार बन गया है। एनडीए सरकार ने 2014 से अब तक मॉरीशस, यूएई, ब्रिटेन, ईएफटीए, ओमान और ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापारिक समझौते किए हैं और न्यूजीलैंड के साथ व्यापार सौदे की घोषणा की है।

## धातु, बैंक शेयरों में खरीदारी से शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 320 अंक

**मुंबई :** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 320 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी में 127 अंक की मजबूती रही। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख तथा भारत-यूरोपीय संघ के बीच मुक्त व्यापार समझौते की घोषणा से सकारात्मक रुख के बीच बैंक और धातु शेयरों में भारी लिवाली से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 319.78 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,857.48 पर बंद हुआ। कारोबार दौरान यह ऊंचे में 82,084.92 अंक तक गया जबकि नीचे में 81,088.59 अंक तक आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 126.75 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,175.40 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से अदाणी पोर्ट्स, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे अधिक लाभ में रहीं। एक्सिस बैंक के शेयर में दिसंबर तिमाही के वित्तीय परिणाम की घोषणा के बाद चार प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। कंपनी का शुद्ध लाभ दिसंबर तिमाही में बढ़कर 7,010.65 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में 6,742.99 करोड़ रुपये था। इसके उलट, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, इटर्नल और आईटीसी शामिल हैं। भारत और यूरोपीय संघ ने मंगलवार को एक महत्वाकांक्षी मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। इसे अबतक का सबसे बड़ा समझौता बताया जा रहा है। यह समझौता अस्थिर वैश्विक माहौल और अमेरिका की शुल्क नीति के कारण उत्पन्न व्यापार व्यवधानों के बीच हुआ है।

### पांच दिन के कार्य सप्ताह की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल से बैंकिंग परिचालन प्रभावित

**नयी दिल्ली :** पांच दिन के कार्य सप्ताह को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने मंगलवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आयोजन किया। इसके चलते देश के कई स्थानों पर चेक निपटान, नकद जमा और निकासी जैसी शाखा बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हुईं। बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले नौ कर्मचारी संगठनों के शीर्ष निकाय यूएफबीयू ने 23 जनवरी को मुख्य श्रम आयुक्त के साथ हुई सुलह बैठक में किसी सकारात्मक परिणाम के न निकलने के बाद यह हड़ताल की। यूएफबीयू के इस हड़ताल के आह्वान में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की विभिन्न यूनियनों के लगभग आठ लाख कर्मचारी शामिल हुए। यूएफबीयू के घटक अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) के महासचिव सी एच वेंकटचलम ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अनुमान के मुताबिक करीब चार लाख करोड़ रुपये के चेक निपटान के लिए रुक गए। कई जगहों पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नकद लेनदेन प्रभावित हुआ और बिल ट्रेडिंग, बिलों की कटौती तथा ट्रेजरी संचालन भी बंद रहा।

### अदाणी समूह, एम्ब्रेयर भारत में क्षेत्रीय विमान विनिर्माण संयंत्र करेंगे स्थापित

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह और ब्राजील की प्रमुख वैमानिकी कंपनी एम्ब्रेयर ने एक रणनीतिक सहयोग की मंगलवार को घोषणा की। इसका मकसद भारत में एक क्षेत्रीय विमान विनिर्माण संयंत्र स्थापित करना है जो देश की स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है। यह साझेदारी छोटे व मझोले शहरों के लिए हवाई संपर्क को बेहतर बनाने में मदद करेगी। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और एम्ब्रेयर के अधिकारियों ने राष्ट्रीय राजधानी में नागर विमानन मंत्रालय में मंगलवार को आयोजित एक समारोह में भारत में क्षेत्रीय परिवहन विमानों पर रणनीतिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। दोनों कंपनियां देश में क्षेत्रीय परिवहन विमानों के लिए एक 'फाइनल असेंबली लाइन' (एफएएल) भी स्थापित करेंगी। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के निदेशक जीत अदाणी ने कहा कि एम्ब्रेयर के साथ सहयोग से भारत में एक क्षेत्रीय विमान विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया जाएगा।

### ईरान की मुद्रा अब तक के सबसे निचले स्तर 15 लाख रियाल प्रति डॉलर पर

**दुबई :** ईरान की मुद्रा मंगलवार को टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 15 लाख रियाल प्रति डॉलर पर पहुंच गई। ईरान में अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों, विशेष रूप से उसके परमाणु कार्यक्रम एवं सरकारी अधिकारियों के कुप्रबंधन के कारण अब भी आर्थिक तंगी बनी हुई है। ईरान में विरोध प्रदर्शन 28 दिसंबर को शुरू हुए और तेजी से पूरे देश में फैल गए। ईरान की सरकार ने इन्हे रोकने के लिए कार्रवाई की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इस कार्रवाई में कम से कम 6,126 लोग मारे गए।

### आरबीआई एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मंगलवार को कहा कि वह बैंकों में नकदी डालने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां खरीदेगा और 10 अरब डॉलर की डॉलर-रुपया अदला-बदली नीलामी आयोजित करेगा। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि वह 29 जनवरी और पांच फरवरी को दो किस्तों (प्रत्येक 50,000 करोड़ रुपये) में कुल 1,00,000 करोड़ रुपये की केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों की ओएमओ (खुले बाजार का परिचालन) खरीद नीलामी आयोजित करेगा।

## चांदी का वायदा भाव रिकॉर्ड 3.59 लाख रुपये प्रति किलोग्राम

**नयी दिल्ली :** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच मजबूत निवेशक मांग के कारण मंगलवार को वायदा कारोबार में चांदी की कीमत बढ़कर 3.59 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं, जबकि सोना 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर रहा। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में चांदी के मार्च में आपूर्ति वाले अनुबंधों की कीमत 25,101 रुपये यानी 7.5 प्रतिशत बढ़कर 3,59,800 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। पिछले हफ्ते चांदी ने तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की थी, जो 46,937 रुपये यानी 16.3 प्रतिशत बढ़कर पहली बार तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर को पार कर गई थी। सोना के वायदा भाव में तेजी जारी रही और इसके फरवरी में आपूर्ति वाले अनुबंधों की कीमत 3,783 रुपये यानी 2.42 प्रतिशत चढ़कर 1,59,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। पिछले सप्ताह सोने की कीमत में 13,520 रुपये यानी 9.5 प्रतिशत का उछाल आया था। विश्लेषकों के अनुसार, भू-राजनीतिक तनाव और नीतिगत अनिश्चितताओं से वैश्विक बाजारों में मची उथल-पुथल के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं, जिससे सोने-चांदी की कीमतों में तेज उछाल आया है।

# कश्मीर में बर्फबारी से सड़क, रेल और हवाई यातायात ठप, श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग बंद

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी में मंगलवार को हुई ताजा बर्फबारी के कारण श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग को बंद करना पड़ा तथा हवाई परिचालन भी बाधित हो गया। अधिकारियों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से घाटी के अधिकांश हिस्सों में रात भर बर्फबारी हुई। वहीं, श्रीनगर सहित मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम जबकि सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम जैसे ऊंचे इलाकों में मध्यम से भारी बर्फबारी दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि बर्फबारी के कारण सोनमर्ग, गुलमर्ग और पहलगाम के पर्यटक स्थल बर्फ की मोटी चादर से ढक गए हैं। उन्होंने बताया कि मध्य, उत्तर और दक्षिण कश्मीर के जिलों में बर्फबारी दर्ज की गई है। बर्फबारी के कारण सड़क, रेल और



हवाई यातायात बाधित हुआ। काजीगुंड और बनिहाल के बीच बर्फ जमा होने की वजह से श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। उन्होंने बताया कि बर्फ हटाने का काम जारी है और इस दौरान राजमार्ग पर किसी भी प्रकार के यातायात की अनुमति नहीं दी जा रही है। बर्फबारी के कारण रेल सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। ट्रेन की पटरियों तथा हवाईअड्डे के रनवे पर पर भी बर्फ जमी रहने के कारण बनिहाल तथा बडगाम के बीच कुछ ट्रेनें रद्द कर दी गईं। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर हवाईअड्डे पर अब तक कुल 50 उड़ानें (25 आगमन और 25 प्रस्थान) रद्द की गई हैं।

**e-Tender Notice**

**Siddhinath Mahavidyalaya**

The Principal, Siddhinath Maha vidyalaya, PO-Shyamsundapur Patna, Dist.- Purba Medinipur invites percentage rate eTenders. NIT No. SM/02/2025-26 dt. 27/01/2026. Information details are available in the website https://wbtenders.gov.in

Sd/- Principal,
Siddhinath Mahavidyalaya
PO- Shyamsundapur Patna, PS- Panskura
Dist.- Purba Medinipur

**OFFICE OF THE BLOCK DEVELOPMENT OFFICER**
**EGRA-II DEVELOPMENT BLOCK**

**NOTICE**

Re-NIT-31 of 2025-26 (3rd Call) Dated - 27.01.2026 has been invited for 1 no. of civil work under Egra-II Development Block fund Pathashree-IV FY-2025-26 in the Purba Medinipur District.
Last Date of online submission - 03.02.2026
For details log on to : www.tenders.wb.gov.in

Sd/-
Block Development Officer
Egra-II Development Block

VYAPAAR™ EXPO

RB Group of Companies
• Diagnostic • Infrastructure • Pharma • Education • Logistic

PRESENTS

# VYAPAAR EXPO 2.0

## Kolkata's Biggest Business Exhibition
Where Brands, Buyers & Big Opportunities Meet

Biswa Bangla Exhibition Centre, Newtown Kolkata

Inaugurator :
**Sri Sujit Bose,** *Minister, Fire and Emergency Services, Govt of WB*

Chief Guest :
**Shri Radhe Shyam Goenka** *(EMAMI Group)*

Guests of Honour :
**Dr. Shashi Panja** *Minister-in-Charge for the Department of Industry, Commerce & Enterprises, Govt of WB*
**Shri Vivek Gupta** *M.L.A (Sanmarg)*

SEE YOU ON
**30-31 JAN | 01 FEB**
**2026**

Special Guests
Shri Deepak Agarwal *(RB Group)*
Shri Lalit Beriwala *(Shyam Steel)*
Shri Om Prakash Saxsena *(Duckback)*
Shri Gopal Naredi *(ISP)*
Shri Manoj Gupta *(Comfort Lady)*
Shri Ankit Moonka *(Saburi Ply)*

CO-SPONSORS
Comfort Lady — YOUR everyday WEAR
SHYAM STEEL macaw PAINTS
SABURI PLYWOOD

IN ASSOCIATION WITH
Bennett & Coleman THE TIMES OF INDIA

SUPPORTED BY
sanmarg NETWORK

## GUEST SPEAKERS

**30TH JAN**


SONU SHARMA


KEWAL KISHAN


ASHISH AGARWAL

**31ST JAN**


HARSH VARRDHAN JAIN


BRIJESH AGRAWAL

**1ST FEB**


DR. VIVEK BINDRA


DHANANJAY BANTHIA


RAYEES WANI

SUPPORTING ORGANIZATIONS
- TiE Kolkata
- Chamber Of Textile Trade & Industry
- Uluberia Chamber Of Commerce & Industry
- West Bengal Garment Manufacturers & Delaers Association
- Calcutta Saree Dealers Association
- Salt Lake Lok Sanskriti
- Maharaja Agrasain Dham

ORGANIZED BY
VYAPAAR ZONE — Asli Business Ab Hoga

SCAN TO REGISTER

## VYAPAARIYO KA MAHAKUMBH

*RSVP*

| | | | |
|---|---|---|---|
| MAN MOHAN BAGRI | KARAN BAJORIA | BRIJ MOHAN BAGRI | NITESH KEJRIWAL |
| NITIN AGARWAL | ROSHAN AGARWAL | MOHIT AGARWAL | *EXECUTIVE TEAM* |
| *CO-FOUNDERS* | *CO-CHAIRMEN* | *ASSOCIATE DIRECTORS* | |

ASSOCIATE SPONSORS
Jai Balaji Group | Duckback | Panna Diamond World Jewellers | REBIN INFOTECH Innovate. Think. Grow. | Roland | Neptune attaining the goal! always | OneXSolutions | समाज्ञा हिन्दी दैनिक आपकी बात सच के साथ

PRITAM SWITCH ON THE GOOD TIMES | ISP | Adhunik TMT BARS BHAROSA HAMESHA

BANKING PARTNER: यूको बैंक UCO BANK
LIFESTYLE PARTNER: STYLE BAAZAR
STRATEGIC PARTNER: PHDCCI
SEGMENT SPONSORS — RADIO PARTNER: 91.9 friends fm | CABLE TV PARTNER: SITI NETWORKS | OOH PARTNER: adVise GROUP

For Participation & Enquiries  +91 81008 49701  www.vyapaarexpo.com

वर्ष 10, पूर्णांक 3486 अंक 296 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in